दैनिक
बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 260 | जयपुर | गुरुवार, 25 जुलाई, 2024 | श्रावण, कृष्ण पक्ष पंचमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

राजस्थान की फ्री बिजली योजना नए आवेदकों के लिए बंद

30 लाख उपभोक्ताओं के सवाल पर ऊर्जा मंत्री ने कहा- अब लाभ नहीं मिलेगा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। गहलोत सरकार की 100 बिजली यूनिट फ्री वाली योजना का लाभ नए आवेदकों को नहीं मिलेगा। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के सवाल पर यह जानकारी दी।

बसपा विधायक मनोज न्यांगली के सवाल पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि चुनावी फायदे के लिए कांग्रेस यह स्कीम लाई थी। उन्होंने कहा कि अगर सबको लाभ देना होता तो रजिस्ट्रेशन की बाध्यता रखने की जरूरत नहीं होती।

इससे पहले नेता प्रतिपक्ष पर भाजपा विधायक ने सरिस्का क्षेत्र में अतिक्रमण के आरोप लगाए तो जमकर हंगामा हुआ। भाजपा विधायक शत्रुघ्न गौतम ने कहा कि जूली का नाम अलवर यूआईटी के अतिक्रमियों की लिस्ट में है। इसलिए या तो इस लिस्ट को अपडेट करके नाम हटाएं या कार्रवाई कीजिए। दरअसल, वन क्षेत्र और नदी के क्षेत्र में अवैध खनन के मुद्दे पर रोज मंत्रियों से सवाल हो रहे हैं। मंगलवार को भी बीजेपी विधायक केसाराम चौधरी ने मारवाड़ जंक्शन में अवैध खनन से जुड़ा सवाल पूछा था, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी इस मुद्दे पर साथ देते हुए सरकार को घेरा था।

चूरू के सिद्धमुख में बाइपास जमीन अधिग्रहण में गड़बड़ी की जांच होगी

चूरू के सिद्धमुख में बाइपास की जमीन अधिग्रहण से पहले कृषि की जमीन को आवासीय में कंवर्ट कर करोड़ों रुपए की गड़बड़ी का मामला विधानसभा में उठा। बसपा विधायक मनोज न्यांगली ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए यह मामला उठाते हुए कहा कि सिद्धमुख बाइपास की जमीन का अधिग्रहण नोटिस जारी होने के बाद किस्म में बदलाव किया गया। एक ही परिवार के चार लोगों के नाम कन्वर्जन किया गया। खेती की जमीन का आवासीय में लैंड कन्वजर्न किया गया।

जूली वाला तथ्य गलत तो अधिकारियों पर कार्रवाई हो- गौतम

विधानसभा में मामला उठाने के बाद सदन से बाहर भी विधायक गौतम ने आरोप दोहराए।

30 लाख आवेदक को नहीं मिल रही फ्री बिजली

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान 100 यूनिट फ्री बिजली की स्कीम से जुड़े सवाल के जवाब में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कांग्रेस सरकार पर चुनावी लाभ के लिए स्कीम लाने का आरोप लगाया। बसपा विधायक मनोज न्यांगली के सवाल पर नागर ने कहा कि इस योजना में 30 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को फायदा नहीं मिल रहा, उन्होंने रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया।
कांग्रेस राज में चुनावी एमनेस्टी स्कीम लाई गई थी। चुनावी फायदे के लिए स्कीम लाई गई थी। अगर सबको लाभ देना होता तो रजिस्ट्रेशन की बाध्यता रखने की जरूरत नहीं होती।

कांग्रेस राज में हुआ जमीनों का आवंटन - बीजेपी विधायक

प्रश्नकाल के दौरान बीजेपी विधायक शत्रुध्न गौतम ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और उनके रिश्तेदारों को कांगेस राज में जमीन आवंटित करने और सरिस्का क्षेत्र में जमीन पर अतिक्रमण करने के आरोप लगाए।

राजस्थान में सोने-चांदी की कीमत में आई बड़ी गिरावट

2 दिन में 4,000 रुपए टूटा सोना, 87,600 पहुंची चांदी प्रति किलो की कीमत

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। केंद्र सरकार द्वारा बजट में सोने और चांदी की कीमत में कस्टम ड्यूटी घटाने के बाद राजस्थान में सोने और चांदी की कीमत में गिरावट का सिलसिला शुरू हो गया है। बीते 24 घंटे में राजस्थान में स्टैंडर्ड सोने की कीमत में 4000 से ज्यादा की गिरावट आई है। जिसके बाद बुधवार को स्टैंडर्ड सोने की कीमत घटकर 71,100 पर पहुंच गई। वहीं चांदी प्रति किलो की कीमत 87 हजार 600 पर आ गई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार सोने और चांदी की कीमत में बदलाव का यह सिलसिला अगले कुछ दिनों तक देखने को मिल सकता है। जिसकी वजह से स्टैंडर्ड सोने की कीमत 70 हजार और चांदी की कीमत 80 हजार रुपए से नीचे पहुंच सकती है। हालांकि बावजूद इसके स्टैंडर्ड सोने की कीमत बहुत ज्यादा टूटने की संभावना न के बराबर है। क्योंकि भारत में कीमती धातुओं के तौर पर आम जनता सोने में सबसे ज्यादा निवेश करती है।

जयपुर सर्राफा कमेटी की और से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 24 कैरेट सोने की कीमत 71 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66 हजार 900 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 56 हजार 900 रुपए प्रति 10 ग्राम और 14 कैरेट 45 हजार 900 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है।

चुनरी महोत्सव और ध्वजा महोत्सव 11 अगस्त को

उप मुख्यमंत्री ने किया महोत्सव का पोस्टर विमोचन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। शहर में चुनरी महोत्सव व ध्वजा महोत्सव के आयोजन किया जायेगा । अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति के राष्ट्रीय महामंत्री गोविंद नाटाणी ने बताया कि 11 अगस्त को जीर्ण माता के दरबार में चुनरी महोत्सव व ध्वजा महोत्सव के आयोजन किया जायेगा । बुधवार को उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी द्वारा कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया गया । इस अवसर पर अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल नाटाणी द्वारा उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी को कुल देवी जीण माता का स्मृति चिन्ह भी भेट किया गया।

इस मौके पर कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण कुमार नाटाणी समिति के पूर्व महामंत्री विनोद नाटाणी, आशीष नाटाणी विद्याधर नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष तारा चंद शर्मा भाजपा मंडल महामंत्री घनश्याम अग्रवाल राजेश पोद्दार सहित कई लोग व्यक्ति उपस्थित रहे।

किसान आंदोलन के चलते बंद शंभू बॉर्डर अभी नहीं खुलेगा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यथास्थिति बनाए रखें, स्वंत्रत कमेटी बनाई जाए; बॉर्डर 5 महीने से बंद

बढ़ता राजस्थान

चंडीगढ़। हरियाणा और पंजाब के बीच अंबाला के पास स्थित शंभू बॉर्डर अभी नहीं खुलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (24 जुलाई) को कहा, शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बनाए रखी जाए।

दरअसल, किसान आंदोलन की वजह से हरियाणा सरकार ने इसे 5 महीने से बैरिकेडिंग कर बंद कर रखा है। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने 10 जुलाई को एक हफ्ते में शंभू बॉर्डर को खोलने का आदेश दिया था। यहां किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह एक स्वत्रंत कमेटी गठित करने का प्रस्ताव करता है। इसमें प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल होंगे। ये किसानों और सरकारों से संपर्क कर उनकी मांगों का ऐसा व्यावहारिक समाधान खोज सकेगी जो सभी को स्वीकार होगा। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उजाल भुइयां की बेंच ने एक हफ्ते में पंजाब और हरियाणा सरकारों से स्वतंत्र समिति के लिए सदस्यों के नाम सुझाने को कहा।

लालू यादव की तबीयत बिगड़ी : यूरिन में परेशानी के बाद दिल्ली एआईआईएमएस में भर्ती, 2 साल पहले किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था

पटना। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की तबीयत फिर बिगड़ी है। दिल्ली एआईआईएमएस में उनका इलाज चल रहा है। सोमवार को यूरिन करने में परेशानी के बाद उन्हें एआईआईएमएस लाया गया।

उनके करीबियों ने बताया कि उन्हें रेगुलर मेडिकल चेकअप के लिए लाया गया है। इस चेकअप में दो दिन का समय लगता है। उनकी स्थिति अभी ठीक बताई जा रही है। 2 साल पहले सिंगापुर में लालू यादव का किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। उनकी बेटी रोहिणी आचार्य ने उनको अपनी एक किडनी डोनेट की थी। दोनों की सर्जरी की गई थी। किडनी ट्रांसप्लांट के बाद लालू की सेहत में काफी सुधार दिखा।

बिहार में पेपर लीक पर 10 साल की सजा

बढ़ता राजस्थान

पटना। बिहार विधानसभा से एंटी पेपर लीक विधेयक पास हो गया है। राज्यपाल के हस्ताक्षर के बाद यह बिल राज्य में लागू हो जाएगा। इस बिल के मुताबिक, अब पेपर लीक को सीरियस क्राइम माना जाएगा। विधानसभा से कानून पास होने के बाद पेपर लीक मामले के आरोपियों पर नॉन बेलेबल धाराएं लगाई जाएंगी। नए कानून में 3 से 10 साल की सजा और 10 लाख से 1 करोड़ तक जुर्माना लगाने का प्रावधान है। ये

1 करोड़ का जुर्माना; विधानसभा से विधेयक पास; सदन से विपक्ष का वॉकआउट

नियम राज्य सरकार की तरफ से आयोजित होने वाली सभी परीक्षाओं में लागू होंगे।

इसके अलावा जो भी संस्था पेपर लीक में शामिल होगी उसे 4 साल के लिए ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा। विपक्ष के हंगामा को देखते हुए सदन गुरुवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

ओडिशा में मिसाइल टेस्टिंग, 10 हजार लोग शिफ्ट किए गए

बालासोर के 10 गांव खाली कराए गए; 300 रुपए मुआवजा मिला, ग्रामीण नाराज

बढ़ता राजस्थान

भुवनेश्वर। ओडिशा के बालासोर में बुधवार को एक मिसाइल की टेस्टिंग होनी है, जिसके लिए 10 गांवों के 10 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया गया है। मिसाइल की टेस्टिंग बालासोर के चांदीपुर के इंटीग्रेटेड टेस्टिंग रेंज के लॉन्च पैड-3 से होगी।

इसके अलावा मिसाइल से जुड़ी कोई भी जानकारी डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन ने फिलहाल शेयर

नहीं की है। हालांकि, रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने कहा है कि मिसाइल टेस्टिंग से पहले अलग-अलग फेज में तैयारी की जाती है। इसमें तय किया जाता है कि जमीन पर कितनी दूरी तक मिसाइल का प्रभाव पड़ेगा। इसी प्रोसेस के तहत डीआरडीओ ने ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। इसके अलावा उन्हें मुआवजे के लिए 300 रुपए भी दिए गए हैं। हालांकि ग्रामीणों ने इस पर नाराजगी जताई है।

गांववाले बोले- 300 रुपए का मुआवजा काफी कम

गांववालों ने कहा है कि मुआवजा काफी कम मिल रहा है। जिला प्रशासन ने अस्थायी रूप से विस्थापित लोगों के लिए तय की गई मुआवजे की राशि में लंबे समय से कोई बदलाव नहीं किया गया है। साथ ही कहा कि लॉन्चिंग रेंज में एक तालाब भी आता है, जहां काम करने वाले मछुआरों और खेतिहर मजदूरों को अभी मुआवजा नहीं दिया जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि इस संबंध में बालासोर के स्थरू को ज्ञापन सौंपा गया है और हमारी मांगों को जल्द मानने की बात कही गई है।

राज्य सरकार एवं हुडको के मध्य हुआ एमओयू

अक्षय ऊर्जा राजस्थान के लिए वरदान, ऊर्जा उत्पादन में राजस्थान बनेगा सरप्लस स्टेट : सीएम

स्वायत्तशासी संस्थाओं, निगम और बोर्ड्स को नहीं होगी वित्तीय संसाधनों की कमी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में सिरमौर बनाने तथा पेयजल और सिंचाई के लिए बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। इस संकल्प को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार सभी आवश्यक वित्तीय संसाधन सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि हाउसिंग एंड अरबन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हुडको) एवं राज्य सरकार के बीच आज हुआ एमओयू विकसित राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति में मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय पर जैसलमेर सौर ऊर्जा संयत्र के वर्चुअल उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी कंपनी रिन्यू (ReNeW)द्वारा आज जैसलमेर में 400 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र से अक्षय ऊर्जा का उत्पादन प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शेष 200 मेगावाट का उत्पादन अक्टूबर तक प्रारंभ हो जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि इससे राज्य की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में वृद्धि होगी। नवीकरणीय क्षमता जुड़ने से बिजली की लागत कम हो जाएगी जिसके परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ कम होगा और सरकार को बचत भी होगी। इस संयंत्र द्वारा राजस्थान डिस्कॉम को बेहद सस्ती दरों पर विद्युत आपूर्ति हो सकेगी।

बुनियादी सुविधाओं के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली और पानी की निर्बाध आपूर्ति के क्रम में महत्वपूर्ण प्रगति अर्जित की है। प्रदेश में 28 हजार 500 मेगावाट की अक्षय ऊर्जा एवं 3325 मेगावाट की थर्मल परियोजनाओं के लिए 1 लाख 50 हजार करोड़ रूपये के निवेश हेतु एमओयू हो चुके हैं। साथ ही, प्रसारण तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश पर हस्ताक्षर भी हुए। राजस्थान ऊर्जा विकास निगम एवं एसजेवीएन के मध्य 600 मेगावाट सौर ऊर्जा परचेज एग्रीमेंट हस्ताक्षरित हो चुका है। उन्होंने बताया कि 8 हजार मेगावाट सौर एवं 3 हजार 200 मेगावाट कोल आधारित परियोजनाओं के लिए टैरिफ आधारित निविदा प्रक्रिया प्रारम्भ की जा चुकी है। इन परियोजनाओं की स्थापना से 64 हजार करोड़ रूपये का निवेश होगा।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास के नए आयाम हुए स्थापित

उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में प्रदेश विकसित राजस्थान के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री की कार्यशैली से प्रेरित होकर हम सब कार्य कर रहे हैं और प्रत्येक क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री श्री कन्हैया लाल ने कहा कि जल जीवन मिशन में युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है जिससे आगामी समय में प्रदेश में पेयजल की समस्या का समाधान हो पाएगा। ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री हीरालाल नागर ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के दौरान विद्युत कुप्रबंधन के कारण राज्य में विद्युत आपूर्ति एवं उत्पादन अव्यवस्थित हो गया था। लेकिन हमारी सरकार द्वारा ऊर्जा उत्पादन पर ठोस कार्य-योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। किसान, उद्योग एवं घरेलू उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

निवेश के लिए अनुकूल वातावरण हुआ तैयार

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि प्रदेश में निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है। आज जिला कलक्टर से लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय तक निवेश के कार्यों पर तत्परता से कार्य किया जा रहा है ताकि प्रदेश विकसित राजस्थान की ओर तेजी से बढ़ सके।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

छात्राओं के लिए 'फिटनेस मंत्रा' सेशन का आयोजन फिट रहने के लिए रनिंग जर्नी स्टार्ट करना है जरूरी

कुकस स्थित लोहागढ़ रिसॉर्ट में होगा 4 अगस्त को होगा त्रिमूर्ति मानसून रन आयोजन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जयपुर रनर्स क्लब की ओर से बुधवार को विद्याधरनगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज में फिटनेस मंत्रा विषय पर पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। इस दौरान पैनल में जयपुर रनर्स के को-फाउंडर व जयपुर मैराथन के फाउंडर एंड सीईओ मुकेश मिश्रा, गोल्डन डिवाइन के डायरेक्टर व जयपुर रनर्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंशुल जैन, बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज़ के डायरेक्टर संजय बियानी मौजूद रहें जिन्होंने नर्सिंग की पढ़ाई कर रही छात्राओं को स्वंय भी स्वस्थ रहने व अन्य लोगों को भी फिटनेस के लिए प्रेरित करने का मैसेज दिया। संजय बियानी ने चर्चा के दौरान कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खुश रहना बहुत जरूरी है। बियानी गर्ल्स कॉलेज की सभी छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आंत्रप्रेन्योरशिप में पारंगत करने के लिए कॉलेज विभिन्न प्रोग्राम शुरू करेगा। जिससे नर्सिंग के क्षेत्र में खुद को तैयार कर रही छात्राएं हर चुनौती के लिए तैयार हो सके साथ ही उनका मिशन हो खुद को एक नर्सिंग होम तैयार करना। जहां वह आत्मनिर्भर तरीके से मरीजों की सेवा कर पाएं और मिशन फिटनेस को सफलतापूर्वक ढंग से पूरा कर पाएं। चर्चा के दौरान मुकेश मिश्रा ने कहा कि, एक बच्चा सबसे पहले चलना सीखता है फिर बड़ा होते हुए सबसे आगे निकलने की दौड़ में भागने के लिए सब कुछ भूल जाता है। लेकिन जीवन के संघर्ष में अपने शरीर को स्वस्थ रखने की दौड़ में वह पीछे रहा जाता है। जबकि सबसे जरूरी है खुद को फिट रखना। यही कारण है कि जयपुर रनर्स क्लब समय-समय पर मैराथन रन का आयोजन करता है । जहां विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लोग आकर हिस्सा लेते हैं। छात्राओं को आंत्रप्रिन्योरशिप के लिए प्रेरित करते हुए अंशुल जैन ने कहा, सभी स्टूडेंट्स को खुद का स्टार्टअप स्थापित करने के लिए प्रयास करना चाहिए। बता दें कि त्रिमूर्ति बिल्डर्स और जयपुर रनर्स क्लब संयुक्त रूप से व बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेज व जीसीएल के सहयोग से त्रिमूर्ति मानसून रन के 8वें संस्करण का आयोजन 4 अगस्त को किया जा रहा है। इस मेगा इवेंट कुकस स्थित लोहागढ़ रिसॉर्ट में आयोजित किया जाएगा जहां शहर के विभिन्न हिस्सों से लोग भाग लेंगे।

श्रावण मास में डॉ. अतुल गुप्ता द्वारा किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

श्रावण मास में जयपुर जिले की चुनिंदा 20 गौशालाओं में 5001 पौधों का किया जायेगा वृक्षारोपण

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के द्वारा 501 पौधे श्री पिंजरापोल गौशाला में लगाए गए । जयपुर जिले की सभी गौशालाओं में वृक्षारोपण कराया जायेगा, जिसकी नींव राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को पीपल का पौधा भेंट कर रखी गई थी ।

जिसके पश्चात् बुधवार दिनांक 24/07/2024 को श्री पिंजरापोल गौशाला में हार - श्रृंगार, अर्जुन, नीम, पीपल, आम्रपाली, आदि के 501 पौधे वृक्ष लगाए गए । वृक्षारोपण ऑर्गेनिक फार्मर प्रोडूसर असोसिएशन ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 अतुल गुप्ता के नेतृत्व में किया गया । वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से पधारे सर्वेश चंद्र मिश्रा, अजय प्रकाश गुप्ता, अनिल अग्रवाल, राम कुमार बर्मन, पंकज कुमार मिश्रा, पुरुषोत्तम दास तथा ऑर्गेनिक फार्मर प्रोडूसर असोसिएशन ऑफ़ इंडिया की महिला अध्यक्ष संगीता गौड़, महासचिव मोनिका गुप्ता, राधे श्याम विजयवर्गीय द्वारा वृक्षारोपण किया गया । अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद द्वारा जयपुर जिले की सभी गौशालाओं को 100-100 पौधे उपलब्ध कराये जायेंगे । इसी श्रृंखला में आगामी रविवार (28/07/2024) को 4 गौशालाओं में वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।

पुरानी कारों के टैक्स में बढ़ोतरी के खिलाफ प्रदेशभर के कार डीलर्स ने किया कलेक्ट्री सर्कल पर धरना प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजस्थान बजट में अन्य राज्यों की पुरानी कारों के ट्रांसफर एवं पुन: रजिस्ट्रेशन शुल्क में की गई अप्रत्याशित टैक्स बढ़ोतरी के विरोध में प्रदेशभर के कार डीलर्स ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सर्कल पर विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया। ऑल राजस्थान वाहन व्यापार संगठन (पुरानी कारें) ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन देकर टैक्स में राहत की मांग की है। जयपुर में धरना स्थल पर प्रदेश स्तरीय सैंकड़ों डीलर्स ने एक स्वर में कहा कि पुराने टैक्स को यथावत रखा जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि आगामी 15 दिन में राज्य सरकार ने सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। संगठन के संयोजक रजत छाबड़ा ने बताया कि अन्य राज्यों से खरीदी गई गाड़ियों का राजस्थान में रजिस्ट्रेशन करवाने पर वन टाइम टैक्स, ग्रीन टैक्स के रूप में देश के अन्य राज्यों की तुलना में सर्वाधिक पहले ही था, मगर अब इस बजट में यह टैक्स तीन गुना कर दिया गया है। ऐसा होने से औसतन एक पुरानी गाड़ी के रजिस्ट्रेशन शुल्क में बेहताशा बढ़ोतरी हो गई है। संगठन के प्रदेश प्रवक्ता महेश पारीक ने बताया कि प्रदेश में अन्य राज्यों से खरीदी गई लगभग 300 कारों का प्रतिदिन रजिस्ट्रेशन होता है, जिससे करीब अढ़ाई करोड़ रुपये राज्य सरकार को टैक्स के रूप में राजस्व प्राप्त होता है, यानी महीने में करीब 50 करोड़ रुपये टैक्स प्राप्त होता है। अब नए बजट में टैक्स में बढ़ोतरी करने के निर्णय से प्रदेश के 30 हजार कार डीलर्स प्रभावित होंगे।

एलियांस हैकथॉन 24 का आयोजन 26 से

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग इन्नोवेशंस को डेडिकेटेड 24 घंटे का एक अभूतपूर्व कार्यक्रम एलियांस हैकथॉन 24। हैकथॉन के दूसरे संस्करण का आयोजन 26 जुलाई सुबह 11 बजे से जयपुर में राजा पार्क स्थित,एलिया आई टी सॉल्यूशन डेवलपमेंट सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। एलिया आई टी सॉल्यूशंस की सीईओ मेघा भाटिया ने कहा कि कार्यक्रम की मुख्य विशेषताओं नॉन-स्टॉप डेवलपमेंट, ग्लोबल पार्टिसिपेशन, क्लाउड डिप्लॉयमेंट और कॉम्प्रिहेंसिव एक्टिविटी शामिली हैं। हैकथॉन का लक्ष्य है दुनिया भर के 50 से अधिक एआई एक्सपर्ट को एक साथ एक यूनिक प्लेटफार्म पर लाना, जिससे वो कोलैबोरेशन, क्रिएटिविटी और टेक्नोलॉजी की उन्नति के लिए प्रयास कर सके।

जेकेके में 27 जुलाई से दिखेगी बाघों की अठखेलियां, डिप्टी सीएम ने किया पोस्टर लॉन्च

अलंकार गैलरी में वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर्स की 200 से अधिक तस्वीर होगी प्रदर्शित

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। इंटरनेशनल टाइगर डे के मद्देनजर गुलाबी नगरी से दुनिया को बाघ संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से राजस्थान हेरिटेज, आर्ट एंड कल्चरल फाउंडेशन की ओर से 5वें जयपुर टाइगर फेस्टिवल (जेटीएफ) का आयोजन किया जाएगा। जवाहर कला केन्द्र की अलंकार गैलरी में 27-30 जुलाई तक होने वाले फेस्टिवल में विशाल फोटो प्रदर्शनी लगाई जायेगी। देश-दुनिया के वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर्स की 200 से अधिक तस्वीरें यहां देखने को मिलेंगी। डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने बुधवार को जेटीएफ का पोस्टर लॉन्च किया। उन्होंने जेटीएफ की सराहना करते हुए कहा कि बाघ संरक्षण की दिशा में ऐसे आयोजन बहुत महत्वपूर्ण है। इस दौरान जेटीएफ के पेट्रन धीरेंद्र के गोधा, सचिव आनंद अग्रवाल, सदस्य अंशु जैन, नमन गोधा, अनिल भंडारी मौजूद रहे।

लोगों के दिलों में जीवित है जेटीएफ : जेटीएफ के फाउंडर पेट्रन धीरेन्द्र कुमार गोधा ने बताया कि जेटीएफ के विगत संस्करणों की स्मृति वन्यजीव प्रेमियों के दिलों में है। जेटीएफ शुरुआत से ही कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बड़ी संख्या में वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर्स, स्टूडेंट्स व गणमान्य जनों की फोटोज की एंट्रीज आयी है। प्रदर्शनी से न केवल बाघों के जीवन और जंगल को करीब से देखने का मौका मिलेगा बल्कि चर्चा सत्रों में जीव संरक्षण की सीख भी साकार होगी।

नकबजनी की वारदात करने वाला नकबजन गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। शास्त्री नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सूने मकानों से चोरी की वारदात करने वाले एक शातिर चोर को पकडा है। पुलिस की प्रारम्भिक जानकारी में सामने आया है कि आरोपित के खिलाफ विभिन्न थाने में 41 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि शास्त्री नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सूने मकानों से चोरी की वारदात करने वाले शातिर चोर समीर शेख उर्फ चांद निवासी भट्टा बस्ती को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने शास्त्री नगर,भट्टाबस्ती,विधाधरनगर,झोट वाडा,सिंधी कैंप सहित अन्य थाना इलाके में नकबजनी की वारदात करना कबूला है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदाते खुलने की आशंका जताई जा रही है।

महिला आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ एकीकृत की ओर से अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर महिला आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने निदेशालय के बाद धरना प्रदर्शन किया । कर्मचारी संघ एकीकृत की प्रदेश अध्यक्ष मधुबाला शर्मा ने बताया कि महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी के स्थाई करने, स्थाई कर्मचारी बनाने तक कार्यकर्ता को मानदेय 21 हजार तथा सहायिका को और ग्राम साथियों को 15 हजार मानदेय करना बजट घोषणा के अनुसार सेवानिवृत्ति पर एक मुसत दो से तीन लाख करने करने के आदेश, आंगनबाड़ी केदो पर बच्चों एवं कर्मचारियों को शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार छुट्टियां एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति में आंगनबाड़ी कर्मचारी को शामिल करने सहित पांच सूत्र मांग पत्र को लेकर राज्य सरकार को कई बार ज्ञापन दिए परंतु अभी तक मांगों पर विचार नहीं करने के कारण बुधवार को निदेशालय के बाहर हजारों कार्यकर्ता साथीन सहायिका ने धरना प्रदर्शन किया ।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ एवं संघ की अध्यक्ष मधुबाला शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शन के बाद उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से उनके निवास पर मुलाकात कर पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौपा। जिस पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सभी मांगों को ध्यानपूर्वक को सुना तथा प्रतिनिधिमंडल को आस्वासन देकर कहा कि उनकी मांगे जायज है उन्हें जल्दी ही इन मांगों का समाधान किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में कर्मचारी महासंघ एकीकृत के प्रदेश सदस्य गजेंद्र सिंह राठौड़ महिला बाल विकास कर्मचारी संघ की अध्यक्ष मधुबाला शर्मा ,गरिमा राजावत, सुमन जैन, जरीना बानो ,मुन्ना कंवर, चंद्रकला कंवर आदि शामिल थे ।

समाज रत्न सम्मान-2024

प्रतिष्ठित सम्मान हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित समाज रत्न सम्मान हेतु प्रविष्टियां मांगी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजस्थान जन मंच तथा परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति द्वारा आयोजित राज्य के प्रतिष्ठ सम्मान हेतु प्रविष्टि आमंत्रित की गई है।प्रतिष्ठित समाज रत्न सम्मान हेतु शिक्षा,कला,समाज सेवा,अंगदान,खे, शिक्षा योग ,नशा, मुक्ति,पर्यावरण गौ सेवा ,पक्षी पशु-पक्षी कल्याण आदि के क्षेत्र में काम करने वाले महानुभावों एवं संस्थाओं से प्रविष्टि मांगी गई है । इच्छुक 28 जुलाई 2024 तक पक्षी चिकित्सालय, 13-ए, प्रकृति भारतीय केलगिरी रोड, मालवीय नगर, जयपुर में अपनी प्रविष्टि फोटो सहित भेज सकते हैं । सम्मान समारोह अगस्त के माध्यम में आयोजित होगा।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। श्री निंबार्क कृष्ण बिहारी जी भगवान, सेवक कुंज आश्रम,जगतपुरा,जयपुर,में सोमवार को प्रात: 10.00 बजे से गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर श्री श्री 1008 श्री कल्याण दास जी महाराज का व्यास पूजन गुरु बड़े धूमधाम से मनाया गया। संत विनोद कृष्णा ने बताया कि जयपुर के निवासी एवं बाहर से आए हजारों भक्तों द्वारा आशीर्वाद ग्रहण किया । महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाए, पंगत पत्तल प्रसादी 4000 के लगभग भक्तों द्वारा ग्रहण की गई ।

बजरी कारोबारी के घर से चोरों ने उड़ाए पन्द्रह लाख

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। वैशाली नगर थाना इलाके में एक बजरी कारोबारी के घर से पन्द्रह लाख रुपए की चोरी हो गई। चोर घर से सोने-चांदी के जेवरात व नकदी ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार महाराणा प्रताप नगर निवासी यज्ञ प्रताप सिंह के घर पर बदमाश एग्जॉस्ट फैन को हटाकर अंदर घुसे थे। हादसे के दौरान परिवार फर्स्ट फ्लोर पर सो रहा था और चोर ग्राउंड फ्लोर में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। परिवार को सुबह साढ़े पांच बजे घटना की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। जांच अधिकारी एसआई हेमलता ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम से मकान में चोरी की जानकारी मिली थी। इस पर वह टीम के साथ मौके पर पहुंची। वारदात के दौरान पीड़ित यज्ञ प्रताप सिंह अपने परिवार के साथ फर्स्ट फ्लोर पर सो रहे थे। ग्राउंड फ्लोर पर उनके माता-पिता रहते हैं, लेकिन वे बाहर गए हुए थे।

बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारना हमारी प्राथमिकता है : दिया कुमारी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को प्रदेश भर से आये स्काउट्स और गाइड्स को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान की डबल इंजन की सरकार उनके भविष्य को संवारने के लिए दिन-रात काम में जुटी है।

प्रदेश के कोने-कोने से बुधवार को हिंदुस्तान स्काउट्स और गाइड्स राजस्थान राज्य के पाँच सौ से भी ज्यादा स्कॉउट्स और गाइड आज राज्य के बजट में चार करोड़ रुपये का अनुदान जारी किये जाने के लिए उपमुख्यमंत्री का धन्यवाद देने के लिए उनके सिविल लाईन्स निवास पर एकत्र हुए थे। दिया कुमारी ने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों के बजट का मुख्य उद्देश्य विकसित राजस्थान और विकसित भारत के लिए मजबूत नींव रखना है । उन्होंने कहा कि युवाओं में कौशल विकास, रोजगार के अवसर और राज्य के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने से ये विकसित राजस्थान का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है और हम सब उसी दिशा में काम कर रहे है। इसके साथ की राज्य भर से आये कई अन्य शिष्टमंडलो, संस्थानों और विशिष्ट जनों ने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को बजट में की गई विकासोन्मुखी योजनाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री खाटू श्याम जी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री प्रताप सिंह चौहान ने मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ बुधइवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से मुलाकात की और श्री खाटू श्याम जी मंदिर में सुविधाओं के विकास के लिए 100 करोड़ रुपये के पैकेज की घोषणा करने के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। इंडियन हेरिटेज होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी उपमुख्यमंत्री से मुलाक़ात कर राज्य में पर्यटन को गति देने के लिए बजट में उनके द्वारा की गई घोषणाओं के लिए उनका आभार जताया। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने जैतारण और ब्यावर विधानसभा और कोटा-दक्षिण से विधायक संदीप शर्मा ने अपने इलाके के गणमान्य लोगों के शिष्टमंडल के साथ बजट में की गयी घोषणाओं के लिए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार जताया।

हुड़कों के साथ एमओयू मील का पत्थर साबित होगा : दिया कुमारी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को राजस्थान सरकार ने हुड़कों के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी, जल संसाधन विकास मंत्री कन्हैयालाल चौधरी और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर मौजूद थे। वित्त मंत्री ने इस एमओयू को एक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि इससे राजस्थान के विकास के लिए विभिन्न वित्तीय जरूरतें समय पर पूरी हो पायेगी। इस अवसर पर हुड़कों के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ भी मौजूद थे। इसी के साथ, आज सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में रिन्यू हंस ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड के साथ भी राजस्थान की पावर डिस्कॉम और राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के बीच अगले 25 साल के लिए पावर परचेज एग्रीमेंट किया। इस प्रोजेक्ट की ख़ास बात ये है कि इस प्रोजेक्ट से मिलने वाली बिजली की क़ीमत 2.18 रुपये प्रति यूनिट है, जो देश में अब तक की सबसे कम दर है।

आमजन को समुचित सेवाएं मिले, अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों को करें समुचित निर्वहन : सत्यानी

जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने किया जिले के मेलूसर में राजकीय विद्यालय तथा भादासर दिखनादा में पीएचसी का औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर लगाई फटकार, सरदारशहर स्थित हरा-चारा केन्द्र में किया पौधरोपण

बढ़ता राजस्थान

चूरू (सुरेश शर्मा)। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने बुधवार को जिले के सरदारशहर के मेलूसर बीकान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा भादासर दिखनादा में पीएचसी का औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिला कलक्टर सत्यानी ने कहा कि अधिकारी, कर्मचारी अपने दायित्वों को समुचित निर्वहन करें तथा आमजन को समुचित सेवाएं मिलें। आमजन की सुविधाओं के लिए समर्पित रहते हुए कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। चिकित्सा, बिजली, पानी आदि आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता के साथ आमजन की शिकायतों का निस्तारण करें तथा आमजन की परेशानियों के प्रति संवेदनशीलता बरतें। उन्होंने भादासर दिखनादा में पीएचसी के निरीक्षण के दौरान दवा उपलब्धता, चिकित्सकों व मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति, ओपीडी व दवा वितरण केन्द्र का अवलोकन किया और व्यवस्थाएं देखीं। उपस्थिति जांच के दौरान पीएचसी में कुल 8 स्टाफ में से एमओआईसी डॉ प्रियंका सिंह, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ सुनील तिवाड़ी व डीईओ अशोक कुमार सहित 3 कार्मिक अनुपस्थित मिले, जिस पर जिला कलक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए फटकार लगाई। पीएचसी में मौजूद ग्रामीणों ने अस्पताल के स्टाफ की अनुपस्थिति की शिकायत की, जिस पर जिला कलक्टर ने चिकित्सा अधिकारियों को समुचित प्रबंधन करते हुए व्यवस्थाएं दुरूस्त करने तथा अनुपस्थित कार्मिकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने पीएचसी परिसर व गांव में बिजली आपूर्ति की समस्या बताई, जिस पर जिला कलक्टर ने डिस्कॉम के अधिकारियों को निर्देश दिए।

विद्यालय का किया निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं : इसी क्रम में जिला कलक्टर सत्यानी ने सरदारशहर के मेलूसर बीकान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने विद्यालय तथा गांव में बिजली आपूर्ति बाधित होने की समस्या बताई, जिस पर जिला कलक्टर ने डिस्कॉम जेईएन को बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। विद्यालय में पेयजल आपूर्ति का स्थाई समाधान नहीं होने की समस्या सामने आई। विद्यालय में टैंकर से ही पेयजल आपूर्ति की जा रही थी, जिस पर जिला कलक्टर ने पेयजल आपूर्ति का स्थाई समाधान करने के निर्देश दिए।

हरा-चारा केन्द्र में किया पौधरोपण : जिला कलक्टर सत्यानी ने सरदारशहर मुख्यालय पर बीकानेर रोड स्थित हरा-चारा केन्द्र में पौधरोपण किया तथा गौशाला समिति की व्यवस्थाएं देखी। सत्यानी ने कहा कि हमें संकल्पित होकर प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का समुचित निर्वहन करना होगा।

प्राकृतिक संसाधनों के अधिक दोहन से हमने मानवता के लिए ग्लोबल वार्मिंग जैसा खतरा खड़ा कर लिया है। अब वृक्षारोपण तथा प्रकृति व प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से ही हम मानवता के अस्तित्व की कल्पना कर सकते हैं। उन्होंने गौशाला समिति में संधारित गोवंश, गौवंश के लिए पेयजल व चारे तथा चिकित्सकीय व्यवस्था की जानकारी ली। पौधरोपण के दौरान सरदारशहर एसडीएम मीनू वर्मा, तहसीलदार रतनलाल मीणा, डिस्कॉम एक्सईएन शशिकांत मीणा, पीएचईडी एईएन विजय सिंह, दीपक शर्मा, बनवारी लाल, सानिवि एक्सईएन लखमीचंद, जेईएन सीताराम, पवन कुमार पारीक, गिरधारीलाल पारीक, जगदीश जयसंगसरिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

पत्रकार कॉलोनी, सामुदायिक केंद्र में जोन ऑफिस खोलने के विरोध में जनहित याचिका दायर, याचिका पर सुनवाई आज

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। मानसरोवर, पत्रकार कॉलोनी के सामुदायिक भवन में जेडीए की ओर से पृथ्वीराज नगर का जोन कार्यालय खोलने के विरोध में अपीलीय अधिकरण, जेडीए में जनहित याचिका दायर की गई। पत्रकार कॉलोनी विकास समिति और आसपास की कॉलोनियों के अध्यक्षों की ओर से दायर याचिका पर 25 जुलाई को सुनवाई होगी।

याचिका पत्रकार कॉलोनी विकास समिति अध्यक्ष अजय शुक्ला, आरआर नगर समिति अध्यक्ष लव शर्मा, भास्कर एनक्लेव समिति अध्यक्ष महेश शर्मा , गुलाब विहार अध्यक्ष एडवोकेट पुष्पेंद्र शर्मा, सीताराम विहार समिति अध्यक्ष संजय चंदनानी एवं सेंच्युरी होम्स अध्यक्ष कमलदीप द्वारा अधिवक्ता प्रशांत कश्यप, सोहन सिंह सोलंकी, जितेंद्र कुमार शर्मा, ललित किशोर मदेरणा एवं रोहित सोलंकी के माध्यम से दायर की गई हैं। इस पर सुनवाई 25 जुलाई को होगी, समिति अध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया कि जेडीए अधिकारियों की हठधर्मिका के चलते कर्मचारियों को जल्दबाजी में सामुदायिक भवन में बैठा दिया गया है। सामुदायिक केंद्र पर जेडीए द्वारा अवैध रूप से कार्यालय संचालन कर जनता को सुविधा से वंचित किया जा रहा हैं। इससे पत्रकार कॉलोनी और आस पास के कॉलोनीवासियों के लिए बड़ी समस्या बन गई हैं।

उल्लेखनीय है कि अध्यक्ष अजय शुक्ला के नेतृत्व में पत्रकार कॉलोनी के लोग सामुदायिक केंद्र में जेडीए का जोन ऑफिस खोलने के विरोध में लामबंद और प्रदर्शन कर अपना रोष व्यक्त कर चुके हैं।

लोगों का कहना है कि सामुदायिक केंद्र में जनसुविधा को छीनकर ऑफिस शुरू नहीं किया जा सकता है क्योंकि यह भवन निवासियो के लिए सामाजिक, धार्मिक, वैवाहिक और तीये कि बैठक जैसे आयोजन लिए बनाया गया है।३

अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना 594 वें दिन भी रहा जारी

विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने धरणार्थियों को मांगों को विधानसभा में उठाया

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (नि.स.)। जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ बुधवार को लगातार 594 वें दिन भी मन्दिर प्रांगण में बदस्तूर जारी रहा। सचिव कैलाश यादव ने बताया कि विधायक हंसराज पटेल ने धरना की मांगों को सही बताते हुए जिला कलेक्टर को ग्रामीणों के पुनर्वास की अभिशंषा करने का पत्र प्रेषित कर दिया तो धरनार्थियों को लगा कि हमारी सुनवाई शुरू हो गई है ओर अब मजबूती से विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने राजस्थान विधानसभा में जोधपुरा संघर्ष समिति की मांगों को वाजिब बताया। साथ ही सभापति के माध्यम से उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ द्वारा एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन कर जांच किये जाने की मांग भी सरकार से की है। समिति सदस्यों ने धरना स्थल पर विधायक धनकड़ का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रभुदयाल गुरुजी ने कहा कि विधायक कुलदीप धनकड़ ने हमारी आवाज को बुलंद किया है जिससे धरनार्थियों को संघर्ष में ताकत मिली है। हमें खुशी इस बात कि है कि हमारी सुध लेने वाला कोई तो है। जोधपुरा (मोहनपुरा) के सघन आबादी, बसावटों व माध्यमिक विद्यालय से 82 मीटर की दूरी पर अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट द्वारा पत्थर पीसने का क्रेशर जो अब तक अवैध संचालित पाये जाने पर प्रशासन व पोल्यूशन विभाग एवं माइनिंग विभाग ने बंद करवाया है, उसको आबादी के नजदीक से हटाया जाये या गांव का पुनर्वास किया जाये की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। आबादी के नजदीक क्रेशर के चलने से निकलने वाले धूल धूए से गांव में धुंध व कोहरे जैसा वातावरण बना रहता है। इस दौरान समिति उपाध्यक्ष सतपाल यादव, हरभगत कम्पाउंडर, रामावतार यादव, पवन धानका, मदन योगी, लीलाराम यादव, सूबेसिंह मीणा, विजय यादव, कानाराम यादव, जयराम यादव, भूपसिंह धानका, रोहिताश योगी, अजय योगी, रामनिवास अध्यापक, विजय यादव, मोहर सिंह योगी समेत ग्रामीण महिलायें मौजूद रही।

राजस्थान की पहली नगर पालिका 4 साल में दूसरी बैठक में आज लगेगी विकास की मोहर

बढ़ता राजस्थान

अंता (शफ़ीक़ मंसूरी)। राजस्थान की पहली नगर पालिका की 4 वर्ष में दूसरी बार आज गुरुवार को नगर पालिका मण्डल अन्ता की साधारण बोर्ड बैठक नगरपालिका कार्यालय में दिनांक:- 25.07.2024 (गुरुवार) को रामेश्वर खण्डेलवाल 'अध्यक्ष' नगर पालिका अन्ता की अध्यक्षता में समय प्रातः 11.00 बजे आहुत की जानी है। जिसमे विकास के मुद्दों पर चर्चा की जायगी जिसमे निम्न मुद्दे नगर पालिका अंता के चेयरमैन पद को लेकर गत 6 माह से हो रही उठा पटक के बाद 25 जुलाई गुरुवार को नगर पालिका अंता बोर्ड की बैठक 4 वर्ष के लम्बे अंतराल के बाद होने जा रही है। जिसमें भाजपा के रामेश्वर खंडेलवाल कार्यवाहक चेयरमैन के रूप में पहली न बार बैठक की अध्यक्षता करेंगे। 15 जुलाई को राज्य सरकार ने रामेश्वर खंडेलवाल को कार्य वाहक चेयरमैन नियुक्त करने पर कार्य ग्रहण किया है। नगरपालिका अंता बोर्ड की होने वाली इस प्रस्तावित बैठक में मुख्य रूप से नगर पालिका मृत कर्मचारियों के आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति तथा नगरपालिका कर्मचारियों का स्थायीकरण आदेश, घुमंतु परिवारों को भूमि आवंटन, नगरपालिका की स्वामित्व भूमि से अतिक्रमण हटाने और नीलाम करने, नगरपालिका के सभी वार्डों में 20-20 लाख रुपए के निर्माण एवं विकास कार्य का प्रस्ताव, राजकीय भूमि कब्जा नियमन के अंतर्गत जारी पट्टों की जांच, निरस्त करने, सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम में 15बाई 10की दुकान के लिए भूमि नीलामी पर विचार, सीसवाली मार्ग पर डिवाइडर पर विद्युतिकरण कार्य आदि विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।

विद्यालय में कक्षा कक्ष मय बरामदा का उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (नि.स.)। कोटपूतली के ग्राम मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक कम्यूनिटी वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भैंसलाना में कक्षा कक्ष मय बरामदा का निर्माण कर शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि ईकाई प्रमुख नितिन दुराफे ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और शिक्षा हेतु आधारभूत संरचना के निर्माण से उन्हें बेहतर वातावरण मिलेगा। जिससे वे शिक्षा हांसिल कर विभिन्न क्षेत्रों में गाँवो व देश का नाम रोशन करेंगे। फाउण्डेशन द्वारा कक्षा कक्ष मय बरामदा विद्यालय को भेंट किये गये। जिससे छात्र-छात्राओं को शिक्षा हेतु बेहतर वातावरण मिल सके। सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर शुभारम्भ किया गया। आगंतुक अतिथियों का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वागत गीत एवं मनमोहक पारम्परिक नृत्य की प्रस्तुति दी। शाला परिवार ने भामाशाहों को सम्मानित किया। अल्ट्राटेक सीमेंट वर्क्स द्वारा सीएसआर के अंतर्गत ग्राम पंचायत को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक फर्नीचर भी उपलब्ध कराये गये। साथ ही विद्यालय प्रांगण में अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। अध्यक्षता करते हुये कारन सिंह ने कहा कि कम्पनी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के अंतर्गत ग्राम एवं आसपास के क्षेत्र में अनेक गतिविधियों का संचालन करती है।

क्षेत्र में कम्पनी के द्वारा किये गए कार्यों का विशेष योगदान है। इस दौरान उपाध्यक्ष कार्मिक एवं प्रशासन संदीप कुमार शर्मा, भूपेन्द्र खोरपिया, कपिल जोशी, के. अभिराम, प्रधानाचार्य ईश्वर सिंह, हेमंत श्रीवास्तव, विजय यादव, अशोक कुमार सुरेलिया, ग्रामीण एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। संचालन शिक्षक रामावतार यादव ने किया।

यासीन खान मर्डर केस में हुई एक और गिरफ्तारी

बढ़ता राजस्थान

बानसूर (नि.स.)। नारायणपुर थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भाजपा नेता यासीन खान मर्डर केस में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी शिंभुदयाल ने बताया कि यासीन खान मर्डर केस में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक और अपराधी बेलाका निवासी अरशद खान को गिरफ्तार किया है। पुलिस इससे पहले मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। मामले में अभी तक कुल पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। आपको बता दें कि 11 जुलाई 2024 को जयपुर से अलवर लौटते समय नारायणपुर थाना क्षेत्र के गांव विजयपुरा के पास भाजपा नेता यासीन खान पर बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया था जिसकी जयपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

कार डीलर्स करेंगे डीटीओ कार्यालयों का घेराव

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजस्थान बजट में अन्य राज्यों की पुरानी कारों के ट्रांसफर एवं पुन- रजिस्ट्रेशन शुल्क में की गई बढ़ोतरी के विरोध में प्रदेशभर के कार डीलर्स ने बुधवार को जयपुर स्थित जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया। ऑल राजस्थान वाहन व्यापार संगठन (पुरानी कारें) की ओर से किए गए इस प्रदर्शन में प्रदेशभर के अधिकतर जिलों के कार डीलर्स शामिल हुए। प्रदर्शन के बाद संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रजत छाबड़ा के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने शासन सचिवालय में मुख्य सचिव सुधांशु पंत को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम दिए ज्ञापन में सरकार को चेतावनी दी है कि अब तक पुरानी कारों के रजिस्ट्रेशन कार्य बंद कर ही रखा है, मगर आगामी दिनों में समस्त जिला परिवहन व क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों का घेराव किया जाएगा। इस आंदोलन में प्रदेशभर के यातायात सलाहकार भी समर्थन करेंगे।

संगठन के प्रदेश प्रवक्ता महेश पारीक ने बताया कि टैक्स बढोतरी वापस लेने की मांग को लेकर जिला मुख्यालयों पर संगठन की इकाइयों द्वारा धरना-प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर्स व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से राज्य सरकार को ज्ञापन भेजे जा रहे हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से कोई सकारात्मक जवाब नहीं आया है। अब आंदोलन को और तेज करने के अलावा कार डीलर्स के पास कोई विकल्प नहीं बचा है। कार डीलर्स अब राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों पर आंदोलन को और उग्र करने जा रहा है।

जिला कलक्टर ने की पंचायती राज की विभिन्न योजनाओं के कार्यों की समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

बूंदी,(नि.स.)। जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बुधवार को पंचायतीराज विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में विधायक व सांसद कोष से करवाए गए कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र, शमशान से वंचित गांवों में जमीन आवंटन, व्यक्तिगत लाभ के कार्यों, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि कि जिले में कोई भी गांव श्मशान व कब्रिस्तान से वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना में कैटेगरी 4 योजना में व्यक्तिगत लाभ की योजना का अधिकाधिक फायदा लाभार्थियों को मिले। इस दौरान जिला कलक्टर ने लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला की पहल पर चलाए जा रहे आओ गांव चले अभियान के तहत करवाए जा रहे कार्यो की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि मनरेगा योजना अंतर्गत शमशान व कब्रिस्तान के लिए अनुमत विकास कार्यों को प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार कार्य स्वीकृत किए जाए। शमशान और कब्रिस्तान के लिए स्वीकृत कार्यों को भी शीघ्र पूरा करवाया जावे।

सरपंच ने खुलवाया अस्पताल का रास्ता

बढ़ता राजस्थान

बानसूर (नि.स.)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत चतरपुरा में बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक बंद रास्ते को सरपंच नीरज तोनगरिया ने ग्रामीणों से समझाइश कर खुलवाया। सरपंच ने बताया कि ग्राम पंचायत के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक राजस्व रिकॉर्ड में रास्ता कटा हुआ था।

जो पिछले कई महीनों से बंद पड़ा हुआ था। ग्रामीणों से समझाइश कर रास्ते को जेसीबी मशीन की सहायता से खुलवाया गया है। अब यह रास्ता नारायणपुर डामर सड़क से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक 20 फूट चौड़ा हो गया है। अस्पताल में आने जाने वाले मरीजों को अब परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।इस मौके पर सरपंच नीरज कुमार, दाताराम गुर्जर, देवकरण पंच, बनवारी लाल नागा, बाबूलाल नागा, दीपसिंह शेखावत, लहरी गुर्जर, जयराम गुर्जर, गणपतराम गुर्जर, छाजूराम, ताराचंद, बालकिशन सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

प्रारूप-10

कार्यालय नगर परिषद टोंक

क्रमांक :4662-64 दिनांक 23/07/2024

लोक सूचना

खातेदार श्री नाथू लाल माली पुत्र श्री बरघा माली निवास तहसली व जिला टोंक ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का कृषि से गैर कृषिक आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु भूमि रुपान्तरण के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अधिघृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

तहसील और जिले का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नं0	क्षेत्रफल
टोंक	टोंक शर्की	5486	0.0885 है0

इसलिये इसके द्वारा समस्त सम्बंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिघृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज को जारी की गयी ।

आयुक्त
नगर परिषद टोंक

सम्पादकीय

केंद्र ने युवाओं की ली सुध, मोदी सरकार का बजट उम्मीदों से भरा

जिस दौर में वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्थाओं में काफी उथल-पुथल और चिंताजनक हालात बने हुए हैं, उसमें मंगलवार को पेश बजट ने एक तरह से सबका खयाल रखने का आश्वासन दिया है। बजट के कुछ अहम बिंदुओं को देखते हुए यह साफ लगता है कि तीसरी बार सत्ता में आने के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकताओं में अब शायद कुछ बदलाव आया है। वित्त मंत्री के रूप में निर्मला सीतारमण ने अपने भाषण की शुरुआत में ही कहा कि शिक्षा और रोजगार के लिए बजट में 1.48 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यानी सरकार पिछले कुछ समय से देश की राजनीति में चुनावी मुद्दा बने, लेकिन प्रकारांतर से उपेक्षित सवालों की सुध लेती दिखती है। देश में बेरोजगारी की चुनौतियों से जूझने के लिए तीन नई योजनाओं की घोषणा की गई है, जिसमें अगले पांच वर्षों के लिए दो हजार करोड़ रुपए की राशि तय की गई है। औपचारिक क्षेत्र में पहली बार नौकरी हासिल करने वालों को सरकार उनके पहले महीने के वेतन पर अनुदान के रूप में पंद्रह हजार रुपए तक की अतिरिक्त राशि देगी।

इसके अलावा, एक करोड़ युवाओं को पांच वर्ष में शीर्ष पांच सौ कंपनियों में प्रशिक्षुता या इंटर्नशिप का मौका देने की बात की गई है, जिसके तहत युवाओं को पांच हजार रुपए मासिक भत्ता दिया जाएगा। जाहिर है, लंबे समय के बाद ऐसा लगता है कि बेरोजगारी की समस्या की गंभीरता को स्वीकार करने की कोशिश की गई है। आमतौर पर इस पर सबकी नजर रहती है कि बजट में मध्यवर्ग के लिए क्या कोई राहत है। इस लिहाज से देखें तो सरकार ने नई कर व्यवस्था की दरों में जो बदलाव किया है, उससे लोगों के साढ़े सत्रह हजार रुपए तक बच सकते हैं और अब तीन लाख रुपए की आय तक कोई आयकर नहीं देना होगा। अप्रत्यक्ष कर की दरों में बदलाव के बाद अब कैंसर की कुछ दवाएं, मोबाइल फोन, सोना-चांदी के दाम में कमी आने की संभावना है।

मगर आम लोग जिस महंगाई से जूझ रहे हैं, उससे कितनी राहत मिलेगी, इस मसले पर कोई स्पष्टता नहीं है। हालांकि कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान देने के अलावा प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत किए गए नए प्रावधानों से मध्यवर्ग को लाभ मिल सकता है। इसी तरह, कर ढांचे के नए स्वरूप से ऐसा लगता है कि सरकार की मंशा लोगों को पैसा बचाने के बजाय खर्च करने का विकल्प चुनने की ओर प्रवृत्त करने की है। अल्पकालिक पूंजीगत लाभ और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ के नियमों में हुए बदलाव का असर इस रूप में सामने आया कि बजट भाषण के दौरान ही शेयर बाजार धड़ाम से गिर गए। एक उम्मीद यह थी कि पिछले कुछ समय से रेल यात्रा के समूचे तंत्र को लेकर जितने बड़े पैमाने पर सवाल उठे थे, तो सरकार बजट में शायद इस पर ध्यान दे। मगर विचित्र यह है कि रेलवे क्षेत्र के लिए कोई बड़ी घोषणा नहीं हुई। इस बजट में खासतौर पर बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए जिस तरह अलग से बड़े एलान किए गए हैं, उसने सबका ध्यान खींचा है। खासतौर पर बिहार के लिए छब्बीस हजार करोड़ की बड़ी राशि देने की घोषणा की गई।

बजट 2024-25 में चाबहार बंदरगाह के लिए क्यों खोला गया खजाना?

भारत क्षेत्रीय व्यापार खासकर अफगानिस्तान से संपर्क बढ़ाने के लिए चाबहार बंदरगाह परियोजना पर जोर दे रहा है। यह बंदरगाह अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) परियोजना के एक प्रमुख केंद्र के तौर पर पेश किया गया है। आईएनएसटीसी परियोजना भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल-ढुलाई के लिए 7,200 किलोमीटर लंबी एक बहुस्तरीय परिवहन परियोजना है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने ईरान के साथ संपर्क परियोजनाओं पर भारत की अहमियत को रेखांकित करते हुए 2024-25 के लिए चाबहार बंदरगाह के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए है।

अशोक भाटिया

भारत और ईरान ने मई में ओमान की खाड़ी पर चाबहार बंदरगाह के संचालन के लिए 10 साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। भारत ने लैंडलॉक्ड अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों के साथ व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह समझौता किया गया था। हालांकि ईरान के साथ समझौते को लेकर भारत पर दबाव आता रहा है। लेकिन भारत को इस दबाव से कोई फर्क नहीं पड़ा है। यह 2024-25 के बजट में भी दिखा है। यहां भारत ने चाबहार बंदरगाह के लिए 100 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं।भारत और ईरान के बीच चाबहार के शाहिद बेहिश्ती बंदरगाह के सामान्य कार्गो और कंटेनर टर्मिनलों के उपकरण और संचालन के लिए अनुबंध के अनुसार आईपीजीएल बंदरगाह को सुसज्जित करने में लगभग 120 मिलियन अमरीकी डालर का निवेश करेगा। भारत ने चाबहार से संबंधित बुनियादी ढांचे में सुधार लाने के उद्देश्य से पारस्परिक रूप से पहचानी गई परियोजनाओं के लिए 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर आईएन क्रेडिट विंडो की भी पेशकश की थी । चाबहार बंदरगाह एक भारत-ईरान फ्लैगशिप परियोजना है जो अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों के साथ व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण पारगमन बंदरगाह के रूप में कार्य करती है, जो भूमि से घिरे हुए देश हैं। चाबहार बंदरगाह के विकास और संचालन में भारत एक प्रमुख खिलाड़ी हो रहा है। चाबहार बंदरगाह पर भारत ने जो भारी निवेश किया है वह दिल्ली के लिए रणनीतिक और आर्थिक महत्व रखता है। यह भारत को कराची और ग्वादर में पाकिस्तान के बंदरगाहों को बायपास करने और भूमि से घिरे अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों तक पहुंचने की अनुमति देता है। इसके अलावा, इस बंदरगाह को चीन की सबसे चर्चित बेल्ट एंड रोड पहल का प्रतिउत्तर भी माना जाता है। यह व्यापारिक समुदायों के लिए संवेदनशील और व्यस्त फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य से वैकल्पिक पारगमन मार्ग का पता लगाने के लिए आर्थिक अवसरों का एक नया द्वार भी खोलता है। हालाँकि, ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से इसका असर इस प्रोजेक्ट पर पड़ा था। ईरान के माध्यम से दक्षिण एशिया और मध्य एशिया के बीच एक नया व्यापार मार्ग खोलेगा।

कनेक्टविटी के मामले में अफगानिस्तान, मध्य एशिया और यूरेशियन क्षेत्रों के बीच चाबहार पोर्ट काफी अहम साबित होगा। उधर अमेरिका ने चेताते हुए कहता रहता है कि जो भी ईरान के साथ कारोबार करने पर विचार कर रहा है, उसे हमारी ओर से संभावित प्रतिबंधों के जोखिमों से वाकिफ रहने की जरूरत है। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल से जब चाबहार पोर्ट को लेकर भारत और ईरान के एग्रीमेंट को लेकर सवाल किया गया था तो पटेल ने कहा कि हम इन खबरों से वाकिफ हैं कि ईरान और भारत ने चाबहार पोर्ट को लेकर एक डील की है। भारत सरकार की अपनी विदेश नीति है। ईरान के साथ चाबहार पोर्ट को लेकर की गई डील और ईरान के साथ उनके द्विपक्षीय संबंधों को वह बेहतर तरीके से समझता है। लेकिन जहां तक अमेरिका की बात है। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध जारी रहेंगे। ये पूछने पर कि क्या इसका मतलब है कि भारतीय कंपनियों पर भी प्रतिबंध लग सकते हैं। इस पर उन्होंने कहा कि आपको बता दूं कि कोई भी अगर ईरान के साथ बिजनेस डील करने पर विचार कर रहा है तो उन्हें इसके संभावित जोखिम पता होने चाहिए। उन्हें पता होना चाहिए कि उन पर भी प्रतिबंध लग सकते हैं।

गौरतलब है कि चाबहार में दो पोर्ट हैं। पहला- शाहिद कलंतरी और दूसरा- शाहिद बहिश्ती। शिपिंग मिनिस्ट्री की इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल शाहिद बहिश्ती का काम संभालती है।भारत वैसे तो पहले से ही इस पोर्ट का कामकाज संभाल रहा था। लेकिन ये शॉर्ट-टर्म एग्रीमेंट था। समय-समय पर इसे रिन्यू करना पड़ता था। लेकिन अब 10 साल के लिए लॉन्ग-टर्म एग्रीमेंट हो गया है।सालों से भारत और ईरान के बीच लॉन्ग-टर्म एग्रीमेंट को लेकर बातचीत चल रही थी। लेकिन कई कारणों की वजह से इसमें देरी आ रही थी। बीच में भारत और ईरान के बीच भी रिश्तों में थोड़ी तल्खी आ गई थी। इसके अलावा ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भी इस समझौते में देरी हुई।बताया जा रहा है कि इस डील के तहत इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल चाबहार बंदरगाह में लगभग 12 करोड़ डॉलर का इन्वेस्टमेंट करेगा। भारत चाबहार पोर्ट का एक हिस्सा डेवलप कर रहा है, ताकि ईरान, अफगानिस्तान और मध्य एशिया के देशों तक सामान पहुंचाया जा सके। नई डील से पाकिस्तान के कराची और ग्वादर पोर्ट को बायपास किया जा सकेगा और ईरान के जरिए दक्षिण एशिया और मध्य एशिया के बीच कारोबारी रास्ता खुलेगा। ईरान और अफगानिस्तान तक भारत की सीधी पहुंच के लिए चाबहार पोर्ट अहम जरिया है। एक ओर, अमेरिकी प्रतिबंधों के प्रभावों से निपटने में चाबहार पोर्ट से ईरान की मदद हो सकती है। दूसरी ओर, हिंद महासागर तक पहुंच के लिए अफगानिस्तान की निर्भरता पाकिस्तान पर कम हो सकती है।2016 में भारत, ईरान और अफगानिस्तान के बीच इंटरनेशनल ट्रेड कॉरिडोर को लेकर समझौता हुआ था। इस कॉरिडोर में चाबहार को भी शामिल किया जाएगा। इसके बाद भारत ने शाहिद बहिश्ती का काम तेज कर दिया था।

शाहिद बहिश्ती के पहले फेज का काम दिसंबर 2017 में पूरा हो गया था। तब भारत ने यहीं से अफगानिस्तान तक गेहूं की पहली खेप भेजी थी। 2019 में पहली बार चाबहार पोर्ट के जरिए अफगानिस्तान से कोई सामान भारत आया था।शाहिद बहिश्ती पोर्ट का काम चार फेज में पूरा होना है। काम पूरा होने के बाद इसकी क्षमता 8।2 करोड़ टन सालाना हो जाएगी। यहां पर एक क्रूज टर्मिनल भी बनकर तैयार हो गया है, जिससे इस पोर्ट की क्षमता और बढ़ गई है।

ईरान में बन रहे चाबहार पोर्ट को चीन और पाकिस्तान के लिए जवाब भी माना जा रहा है। इस कारण भारत की यहां दिलचस्पी बहुत है। ग्वादर पोर्ट में चीन की मौजूदगी की वजह से चाबहार पोर्ट में भारत का होना फायदेमंद है।चीन पाकिस्तान में ग्वादर पोर्ट बना रहा है। ग्वादर पोर्ट और चाबहार पोर्ट के बीच सड़क के रास्ते 400 किलोमीटर की दूरी है। जबकि, समंदर के जरिए ये दूरी 100 किलोमीटर के आसपास है। पाकिस्तान और चीन ईरानी सरहद के क़रीब ग्वादर पोर्ट को विकसित कर रहे हैं। भारत, ईरान और अफ़ग़ानिस्तान को जोड़ने वाले चाबहार पोर्ट को ग्वादर पोर्ट के लिए चुनौती के तौर पर देखा जाता है। सामरिक दृष्टि से भी पाकिस्तान में चीन के नियंत्रण वाले ग्वादर पोर्ट के पास भारतीय मौजूदगी अहम मानी जा रही है।

आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

मेष
दांपत्यजीवन में घनिष्ठता अनुभव करेंगे। आप अत्यधिक चिंता और भावनाओं के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से व्यग्र और अस्वस्थता अनुभव करेंगे। गलत दलीलबाजी और वाद-विवाद और संघर्ष खड़ा हो सकता है।

वृष
आज सभी विषय के नकारात्मक पहलुओं का अनुभव होगा। थकान और आलस के कारण स्फूर्ति का अभाव रहेगा। नौकरी-व्यवसाय में अवरोध खड़े होंगे। उच्च पदाधिकारियों के साथ वाद-विवाद में न पड़ें।

मिथुन
विद्यार्थियों के लिए समय मध्यम कहा जा सकता है। आपका स्वाभिमान भंग होगा। ऑफिस या व्यवसाय में विरोधियों से सावधान रहें। आप तन और मन से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजनों के साथ घर के संबंध में चर्चा करेंगे।

कर्क
नौकरी पेशावालों को लाभ का अवसर मिलेगा। वैवाहिक जीवन में सुख-संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी, पुत्र और बुजुर्गों की ओर से लाभ होगा। मित्रों के साथ रमणीय पर्यटन होगा। मित्र विशेष लाभकारी साबित होंगे। संतान के शुभ समाचार मिलेंगे।

सिंह
विदेश में बसने वाले निकटस्थ संबंधियों के समाचार मिलेंगे। संतान के संबंध में चिंता होगी। आज आपको वाणी और क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा अन्यथा अनर्थ हो सकता है। सर्दी और कफ के कारण आपका स्वास्थ्य खराब होगा।

कन्या
आर्थिक मामलों पर अधिक ध्यान देंगे। आपको सभी कामों में सफलता मिलेगी। भाग्यवृद्धि के योग हैं। भाई-बंधुओं का सहयोग मिलेगा। प्रिय व्यक्ति का साथ और सार्वजनिक सम्मान मिलेगा। विरोधियों को परास्त कर सकेंगे। तन-मन में ताजगी और प्रसन्नता रहेगी।

तुला
धन खर्च में वृद्धि होगी। नियम विरोधी काम तथा अनैतिक काम से आपके सम्मान को ठेस पहुंच सकती है, इसका ध्यान रखें। विचार, व्यवहार में भावुकता रहेगी। फिर भी आप परिजनों और मित्रों के साथ खुशी से अपना दिन व्यतीत करेंगे।

वृश्चिक
थोड़ा विलंब या अवरोध के बाद निर्धारित रूप से काम पूरा कर सकेंगे। आर्थिक आयोजन सफल कर सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए मध्यम दिन है। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ की मुलाकात होगी।

धनु
कोर्ट-कचहरी के मामले में सावधानी रखें। वाणी और व्यवहार में संयम रखना आवश्यक है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा। गलतफहमी पैदा न हो इसका ध्यान रखें। व्यापार-धंधे में विकास के साथ-साथ आय भी बढ़ेगी।

मकर
आज भावनाओं के प्रवाह में सराबोर रहेंगे। परिजन, मित्र तथा सगे-संबंधी उसमें सहभागी बनेंगे। स्वादिष्ट भोजन करने और बाहर घूमने जाने का आयोजन होगा। मांगलिक अवसरों पर जाना हो सकता है।

कुंभ
आज आप बहुत भावनाशील रहेंगे, इसलिए किसी के ज्यादा बोलने से आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचेगी। मां के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। स्थायी संपत्ति के मामले में निर्णय लेना उचित नहीं है।

मीन
परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण रहेगा। ऑफिस और नौकरी में आय वृद्धि, पदोन्नति के लिए योग बनेंगे। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों द्वारा काम की सराहना होगी और वे आपके प्रेरणा स्रोत बनेंगे। मानसिक चिंता और शारीरिक अस्वस्थता रहेगी।

शख्सियत

'संकल्प हमें शक्ति देता है और शक्ति सामर्थ्यता प्रदान करता है- सच्चा बल आत्मविश्वास का ही होता है जो विजयी दिलाता है '

नमस्कार मित्रों, हमारी आज की शख्सियत हैं, भारतीय पुलिस सेवा के ऊर्जावान, नौजवान और जानदार पुलिस ऑफिसर कैलाश चंद्र बिश्नोई इस समय जयपुर कमिश्नरेट में एडिशनल कमिश्नर पद को सुशोभित कर रहे हैं । इनका जन्म बीकानेर गांव उदासर, तहसील नोखा में सन 1979 में हुआ। शिक्षा दीक्षा में भी ये अव्वल ही रहे।

बीएससी बीकानेर गवर्नमेंट डूंगर कॉलेज से हुई इसके बाद एमए, एम फिल - जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली से पास आउट हुए। देश की सेवा करने का जज्बा और पुलिस की वर्दी का जुनून इनके सर पर था इसलिए सिविल सर्विसेज की तरफ कदम बढ़ाए और 2007 बैच के आईपीएस बन गए।आईपीएस 2007 बैच कोटा से पोलिसिंग शुरू हुई इसके बाद एएसपी जयपुर ग्रामीण रहे। एसपी, सिरोही एसपी झुंझुनूं ,एसपी हनुमानगढ़ लगाए गए इसके बाद सरकार ने इन्हें डीसीपी वेस्ट लगाया इसके बाद

डीसीपी नॉर्थ लगे। अलवर भिवाड़ी में बढ़ते अपराध की रोकथाम के लिए जुनूनी अफसर जरूरी था इसलिए सरकार ने इन्हें अलवर जिला एसपी की बागडोर सौंपी। इसके बाद भरतपुर एसपी लगे। इसके बाद अजमेर एसीडी एसपी लगाए गए । सरकार ने इन्हें फिर उदयपुर एसपी लगाया यहाँ से प्रमोट हुए और डीआईजी बन गए।

डीआइजी एसीबी उदयपुर, डीआइजी एसीबी जोधपुर के बाद अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था जयपुर लगाए गए। बढ़ते अपराध की रोकथाम के लिए एक बार फिर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त-अपराध, जयपुर पद पर कमान सौंपी गई। जोरदार अधिकारी हैं एक अद्भुत सा ख़ौफ़ है इनका। दिखते चॉकलेट हीरो से हैं

कैलाश चन्द्र बिश्नोई (आइपीएस)
(एडिशनल कमिश्नर, क्राइम जयपुर)

लेकिन अपराधियों से पूछिए उनके सही ठिकाने पर पहुँचा कर ही दम लेते हैं। भरतपुर एसपी शिप में भरतपुर क्षेत्र के दुर्गान्त अपराधियों को छटी का दूध याद दिलवा दिया था। आज भी जयपुर कमिश्नरेट में इनके वही जलवे बरकरार हैं। आप नित नई ऊंचाइयों को छूए बस इतनी सी कामना है। दैनिक बढ़ता राजस्थान टीम आपके उज्वल भविष्य की कामना करती है।

जय हिंद

आज का इतिहास

25 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- एम्सटर्डम ने 25 जुलाई 1585 में 45 रोमन कैथोलिक पर प्रतिबंध लगाया।
- कलकत्ता (अब कोलकाता) में पहली नौका दौड़ का आयोजन 1813 में हुआ।
- नियाग्रा फॉल्स के युद्ध में अमेरिका ने 1814 में ब्रिटेन को हरा दिया।
- इलेक्ट्रिक टेलिग्राफ के इस्तेमाल का पहली बार सफलता पूर्वक प्रदर्शन 1837 को किया गया।
- बेनिटो मुसोलिनी गिरफतार 25 जुलाई 1943 में इटली के प्रमुख के पद से बर्खास्त।
- आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने 1948 में भारतीय टीम के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ा लक्ष्य प्राप्त करने का रिकॉर्ड बनाया।
- अमेरिका, रूस और ब्रिटेन ने 1963 को परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर किए।
- ज्ञानी जैल सिंह ने 25 जुलाई 1977 में भारत के सातवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।
- दुनिया के पहली आइवीएफ शिशु लुइस ब्राउन का जन्म आज ही के दिन 1978 में इंग्लैंड के ओल्डहैम शहर में हुआ था।
- रंगास्वामी वेंकटरमन 25 जुलाई 1987 में भारत के आठवें राष्ट्रपति बने।
- एस डी शर्मा 25 जुलाई 1992 में भारत के नौंवे राष्ट्रपति बने।
- जॉर्डन और इजरायल के बीच 46वर्षों से चल रहा युद्ध 1994 को समाप्त हुआ।
- जार्डन के शाह हुसैन और इस्रायल के प्रधानमंत्री यित्जाक रॉबिन ने 1994 में वाशिंगटन में एक ऐतिहासिक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किये, चन्द्रमा पर मानव पदार्पण की रजत जयंती।
- कंजरवेटिव मुस्लिम नेता हमजाह हज 2001 में इंडोनेशिया के नये उप-राष्ट्रपति बने।
- पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर ख़ान के तीन सहयोगी 2004 में रिहा हुये।
- प्रतिभा पाटिल ने 2007 में भारत के 12 वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लिया। वे भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति बनीं।
- उत्तर-पूर्व इराक में 2008 को महिला आत्मघाती हमलावर के विस्फोट में एक नागरिक सहित आठ लोग मारे गए।

25 जुलाई को जन्मे व्यक्ति

- गुजरात में 2017 को बाढ़ आने से 70 से ज्यादा लोग मरे।
- विद्वान् शोधकर्मी समीक्षक परशुराम चतुर्वेदी का जन्म 1894 को हुआ था।
- अमेरिकी सेक्सोफोनवादक जॉनी हॉजेज का जन्म 1905 में हुआ।
- भारतीय संगीतकार सुधीर फड़के का जन्म 1919 में हुआ।
- हिंदी चलचित्र अभिनेत्री और गायिका राकेश्वरी का जन्म 1905 में हुआ।
- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी का जन्म 1929 को हुआ था।
- भारत की प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ हरसिमरत कौर बादल का जन्म 1966 को हुआ था।

विशेष आलेख

सुख के सपनों का दुख



विजय गर्ग ।

कहते हैं कि सुख और दुख जीवन में परछाई की तरह होते हैं। दोनों का समय बंधा हुआ है। आज दुख है तो कल सुख हमारे द्वार आएगा। जो आज सुखी है, उसके जीवन में दुख चुपके से प्रवेश कर जाएगा। दुख के अर्थ अनेक हैं। वह हमारी सेहत का हो सकता है। वह रोजगार को छीन सकता है, रिश्तों में खटास ला सकता है या दुख हमारे सपने को तोड़ सकता है। मगर सुख की एक परिभाषा है चेहरे पर मुस्कराहट जो आदमी प्रसन्न है, वह सुखी है और जो सुखी है वह प्रसन्न है। इससे इतर एक और सवाल मन में आता है कि आखिर दुख क्यों उपजता है? शायद किसी साधारण व्यक्ति के लिए एक परिभाषा हो सकती है कि जब अपने मन का न हो तो दुख, लेकिन हकीकत यह है कि दुख से बड़ा दुख सुख के सपने देते हैं। हम सपने बुन लेते हैं। कई बार हमारे जीवन में यह सपना आता है कि हमारी शिक्षा के मुताबिक ओहदा और सम्मान मिले, लेकिन अक्सर ऐसा होता नहीं है और हम दुखी हो जाते हैं। यहां दुख की परिभाषा बदल जाती है, क्योंकि सुख के सपने की कल्पना पूरी नहीं होने पर हम दुखी हो जाते हैं।

ऐसे लोग आसपास देखे जा सकते हैं, जिनकी जिंदगी कभी सामान्य नहीं रही, लेकिन आज वे खुश हैं। यह खुशी उनके सपनों के सच हो जाने की खुशी है। जिस जीवनसाथी से जीवन भर उनकी नहीं बनी होगी, अचानक उनके प्रति चिंता या उनके हवाले खुद को छोड़ देना सुख नहीं है, बल्कि सुख के सपनों को पूरा करना है। एक सच यह भी है कि जब उस दंपती के बीच जीवनभर तनातनी चल रही होगी, तब वे आर्थिक रूप से सम्पन्न नहीं रहे होंगे। सत्ता संस्थानों और ख्याति की कल्पना की जाती है, उससे भी बहुत वास्ता नहीं होगा। मगर जीवन का पहिया घूम जाए तो और सुख के सपने सच होने लगते हैं। धन, सत्ता और ख्याति पास चली आती है। और फिर सुख भी पहलू में आ जाते हैं। दुख का सुख में बदलना शायद इसे ही कहते हैं। हम जिस तरह की सामाजिक व्यवस्था में रहते हैं, उसमें अगर किसी महिला जीवनसाथी को यह कहा जाए कि पति के जिंदा और स्वस्थ रहने की इच्छा अपने जीवन के अनावश्यक कष्टों की आशंका की वजह से की जाती है, तो यह शायद आम धारणा के मुताबिक ही होगा और महिला जीवनसाथी इसे सच भी माने। निर्भरता की स्थितियां कई बार इस तरह सोचने पर मजबूर करती हैं। इस तरह की बातों में सुख और दुख का दोनों पलड़ा समान है, क्योंकि महिला के सुख के सपने टूट नहीं रहे हैं और दुख की आशंका को उसने जाहिर कर दिया है। हमारे समाज में अनेक परिवार हैं जिनमें लोग गफलत में ही सही, सुख के सपने के साथ जीवन बसर कर लेते हैं। अगर रिश्ते के लिए सोचा और किया जाए, तो इससे बेहतर कुछ नहीं। मगर यह कहा जाए कि कोई पैसे के लिए उसका खयाल रख रहा है तो इस तरह का दंभ जीवन में एक नया दुख दे सकता है। दुख को सुख के सपनों में परिवर्तित करने का एक अवसर तब आता है, जब बच्चे उनका साथ छोड़कर अपनी जिंदगी में मसरूफ हो जाते हैं। एकाकीपन में जो साथ होता है, वह सुख और दुख की किसी परिभाषा से परे होता है। यहां परस्पर जरूरत दोनों को साथ लेकर आता है। खाना से लेकर दवा तक इंतजाम करना होता है और यही जरूरतें सुख और दुख की नई परिभाषा गढ़ती हैं। इसे हम अपने अनुरूप अपनी परिभाषा में ढाल सकते हैं। सुख के सपने टूटने का मनोवैज्ञानिक कारणों का पता लगाया जाए तो बेहताशा उम्मीदों का टूट जाना और निराशा में मौत को गले लगाना है। देश के किसी भी राज्य में खुदकुशी के आंकड़े देखे जाएं तो सर्वाधिक निराश और हताश युवा मिलेंगे जो जीवन को खत्म करना सबसे आसान समझते हैं। उनका जीवन अभी शुरू हुआ है और उनके जीवन में अच्छे अंकों से पास नहीं होना या मनमर्जी के मुताबिक नौकरी नहीं मिलना या बेरोजगारी से तंग आकर प्रेम का टूट जाना उनका दुख है। यह वही स्थिति है जहां दुख ने नहीं, सुख के सपनों ने हमेशा इस पीढ़ी को दुखी किया है। ऐसे में पिता का पीठ पर हाथ और मां का दुलार उन्हें ऐसे दुख से उबार सकता है। यहां दुख और निराशा में भी भेद करने आना चाहिए। दुख आने पर इसका निदान हो सकता है, लेकिन निराशा का कोई मरहम नहीं. आज समाज में ऊंचे सपने और टूटते सपनों के बीच युवा मन टूट रहा है। एक पुरानी लोककथा है, जिसमें पिता-पुत्र बाजार से निकलते हैं और पुत्र हाथी देखकर मचल उठता है। गरीब पिता हाथी का भाव पूछता है, क्योंकि दो पैसे का हाथी उसे महंगा लगता है। कुछ साल गुजरने के बाद यही दृश्य दोहराया जाता है और पिता फिर हाथी का भाव पूछता है तो उसे दो हजार रुपए बताया जाता है। पिता खुशी-खुशी बेटे के लिए हाथी खरीद लेता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

हाईकोर्ट एवं जिला कलेक्टर टोंक के आदेश पर अलीगढ़ के उखलाना तन में स्थित सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर निर्मित पक्के भवनों पर चला पीला पंजा

- अतिक्रमण को ध्वस्त की कार्रवाई के दौरान पुलिस थानों व टोंक पुलिस लाइन से अतिरिक्त पुलिस जाप्ता मौके पर रहा तैनात
- उखलाना तन स्थित माना तालाब पेटा गैर मुमकिन पाल, सिवायचक भूमि व तालाब पेटा जमीन पर भूमाफिया द्वारा अवैध पक्के निर्माण करने का मामला

बढ़ता राजस्थान

उनियारा (नि.स.)। अलीगढ़ में उखलाना तन स्थित माना तालाब पेटा गैर मुमकिन पाल, सिवायचक भूमि व तालाब पेटा जमीन पर भूमाफिया द्वारा किये गये अवैध पक्के निर्माण को हाईकोर्ट व जिला कलेक्टर के आदेश की पालना में बुधवार को उपखंड प्रशासन की मोजदूगी में जेसीबी की सहायता से हटाया गया। इस दौरान मोके पर उनियारा उपखण्ड अधिकारी त्रिलोक चंद मीणा, उनियारा पुलिस उपाधीक्षक सलेह मोहम्मद, तहसीलदार कैलाश चंद मीणा, अलीगढ़ तहसीलदार देवेन्द्र राव, राजस्व टीम, उखलाना सरपंच सरोज मीणा सहित अन्य विभागों के ब्लांक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी, गिरदावर व पटवारी टोंक पुलिस लाइन से अतिरिक्त पुलिस जाप्ता व उनियारा पुलिस वृत्त क्षेत्र के पुलिस थानों का जाप्ता तैनात रहा। जानकारी के अनुसार उखलाना तन स्थित माना तालाब पेटा गैर मुमकिन पाल, सिवायचक भूमि व तालाब पेटा जमीन पर भूमाफिया द्वारा किये गये अवैध पक्के निर्माण करने का मामला राजस्थान हाईकोर्ट में लंबित होने, एसडीएम न्यायालय उनियारा में पुलिस थाना द्वारा धारा 145 रिसीवरी जमीन लम्बित होने तथा दर्जनों बार तहसील राजस्व प्रशासन द्वारा पाबंद करने के बावजूद भी भूमाफियाओं द्वारा अवैध निर्माण किए जाने को लेकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराने को लेकर लिखा गया शिकायत पत्र पर कोई कार्यवाही नही होने से भूमाफिया के होसले बुलंद थे।

इसको लेकर पीड़ित अख्तर हुसैन निवासी पाटोली ने प्रशासन के उच्चाधिकारियों को अतिक्रमण हटाकर अतिक्रमी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई। गत दिनों अतिक्रमी द्वारा भूमि पर अतिक्रमण कर किये गए अवैध पक्के निर्माण के मामले की जाँच करने अतिरिक्त जिला कलेक्टर टोंक सुरेश चौधरी अलीगढ़ पहुँचे। जहाँ अतिरिक्त जिला कलेक्टर टोंक सुरेश चौधरी व उनियारा एसडीएम त्रिलोक चन्द मीणा, अलीगढ़ तहसीलदार देवेन्द्र कुमार राव, पटवारी उखलाना व गिरदावर आदि ने अवैध निर्माण का मौका मुआयना किया। इसके बाद अतिक्रमण के मामले को लेकर अलीगढ़ तहसील कार्यालय में अवैध निर्माण की कार्यवाही को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर टोंक सुरेश चौधरी ने अधिकारियों की बैठक लेते हुए, सभी दस्तावेजों की जांच की गई।

इसको लेकर उनियारा एसड़ीएम त्रिलोक चंद मीणा ने अतिक्रमण हटाने को लेकर उपखण्ड़ के अधिकारियों व राजस्व के कार्मिकों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें अतिक्रमण की कार्रवाई करने को लेकर 8 जुलाई को निर्धारित की गई।

लेकिन अतिक्रमण को ध्वस्त करने की कार्रवाई नही हुई। इसके बाद जिला कलेक्टर के आदेश के अनुसार बुधवार को उपखण्ड व तहसील प्रशासन की मोजूदगी में अतिरिक्त पुलिस जाप्ता मौके पर तैनात कर जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध पक्के निर्माण कार्यों को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। भूमि पर अतिक्रमण कर किये गये अवैध पक्के को ध्वस्त करने की कार्रवाई के चलते मोके पर लोगों की भीड़ जमा होने की संभावना के चलते उनियारा -अलीगढ़ सड़क पर बेरिकेट्स लगाए पुलिसकर्मी तैनात किए गए।

इनका कहना है

अलीगढ़ के उखलाना तन में स्थित चारागाह, पेटा, सिवायचक भूमि पर अतिक्रमण कर करीब 7 पक्के निर्माण कर रखे थे। अतिक्रमियों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए पाबंद किया था लेकिन उन्होंने नही हटाया। हाईकोर्ट के आदेश की पालना तथा राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सरकारी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण हटाने के निर्देश पर बुधवार को मेरे नेतृत्व में राजस्व विभाग के करीब 40 कार्मिक तथा 50 के पुलिस जाप्ते के साथ पुलिस उप अधीक्षक उनियारा की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है। चारागाह भूमि से हटाए गए अतिक्रमण पर पौधरोपण करने के लिए उखलाना ग्राम पंचायत सरपंच को निर्देशित किया गया है।

त्रिलोक चंद मीणा
उपखण्ड अधिकारी उनियारा

जिला प्रमुख सरोज बंसल ने रामसागर स्कूल में 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम का पांच सौ वृक्ष लगाकर शुभारम्भ किया

बढ़ता राजस्थान

उनियारा (नि.स.)। नगरफोर्ट तहसील मुख्यालय की ग्राम पंचायत रामसागर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में टोंक जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल ने 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम में एक साथ 500 वृक्ष लगाकर सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए ग्राम वासियों व विद्यार्थियों से एक वृक्ष लगाकर सुरक्षित रखने का संकल्प दिलवाया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री जी का आह्वान है की सभी को एक-एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत रामसागर में मां के नाम एक वृक्ष कार्यक्रम में 5000 वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है और ग्राम पंचायत रामसागर में एक साथ 500 वृक्ष लगाए गए।

जिला प्रमुख ने की घोषणाएं : टोंक जिला प्रमुख ने कार्यक्रम में घोषणा करते हुए कहा कि विद्यालय के लिए वृक्षों की सुरक्षा के लिए नरेगा के तहत चार दिवारी का निर्माण करवाने। वृक्षों की जलापूर्ति के लिए ट्यूबवेल लगवाने, विद्यार्थियों के लिए वाटर कूलर लगवाने व विद्यार्थियों के लिए फर्नीचर की व्यवस्था करवाने की घोषणा की।

नगरफोर्ट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण : टोंक जिला प्रमुख सरोज बंसल ने नगर फोर्ट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य मिशन अभियान के तहत बन रहे 4 करोड़ 40 लाख की लागत से निर्माणाधीनन स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया व अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला प्रमुख ने रामसागर में मां के नाम एक वृक्ष कार्यक्रम के बाद पंचायत मुख्यालय पर जनसुनवाई करते हुए ग्रामीणों की सुनी। ग्रामीणों की समस्या के बारे में अधिकारियों से तुरंत समाधान करने की बात कही, बंसल ने जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्रामीणों की हर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर अधिकारी गण एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेश बंसल,रामसागर सरपंच प्रतिनिधि पप्पू धाकड़, सीताराम सैनी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बाबूलाल सैनी, सुरेश सैनी,बाबूलाल मीणा, प्रहलाद सैनी, हरिनारायण सैनी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

सन् शाइन ग्लोबल स्कूल में वृक्षारोपण कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

टोंक (का.स.)। बुधवार को मुख्यमंत्री राजस्थान के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग द्वारा निजी विद्यालयों में, उनके विद्यार्थियों एव अभिभावकों को वृक्षारोपण महाअभियान से जोड़ने एव वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने के लिये सन् शाइन ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मुख्य ज़िला शिक्षा अधिकारी टोंक पन्ना लाल बैरवा की अध्यक्षता में किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक विशाल श्रीवास्तव ने सभी आगन्तुक अतिथियों के स्वागत सत्कार से किया ।ज़िला शिक्षा अधिकारी टोंक श्रीमती मीना लसारीया ने पर्यावरण के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए हमारी आने वाली पीढ़ी को बचाने के लियें वृक्ष लगाने के साथ साथ उनकी देखभाल करने के लियें निर्देश दिये साथ ही शिक्षा विभाग में ट्रीमेन के रूप में अपनी विशेष पहचान रखने वाले अतिरिक्त मुख्य ज़िला शिक्षा अधिकारी चौथमल चौधरी ने राज्य सरकार द्वारा ज़िले को आवंटित लक्ष्य छः लाख पोधें लगाने और उनके संरक्षण पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया की हर विद्यार्थी को इस अभियान से जोड़ना है और प्रत्येक परिवार को कम से कम उतने वृक्ष लगाने है जितने उस परिवार में सदस्य है । अध्यक्षता कर रहे मुख्य ज़िला शिक्षा अधिकारी ने वृक्षारोपण के साथ साथ विद्यार्थियों के मानसिक और शैक्षिक विकास के लियें अनेकों नवाचार के बारे में बताया जिससे विद्यार्थीयो के साथ साथ विद्यालय के स्तर में भी सुधार आयेगा। इस अवसर पर अमृत पर्यावरण महोत्सव का शुभारम्भ विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर किया गया ।

स्कूल शिक्षा परिवार टोंक के ज़िला अध्यक्ष शब्बीर नागोरी ने विभाग को आश्वस्त किया की निजी विद्यालय सरकार के इस महाअभियान में तन मन और धन तीनो से पूरा पूरा साथ देंगे और ज़िले को जो लक्ष्य मिला है उससे दुगना लक्ष्य पूरा करके देंगे। विद्यालय प्रधानाचार्यों कामिनी श्रीवास्तव ने सभी आगन्तुक विभाग के अधिकारियों एव निजी विद्यालयों के संचालकों का आभार व्यक्त करते हुए इसे अभियान नही समझ कर आने वाले कल के लिए अपना दायित्व समझने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर निजी विद्यालयों के रमेश काला, राजीव पाल, महावीर यादव , विशाल शर्मा, नीलिमा जी, सलीम ख़ान, मो. सलीम, रामकिशन, जावेद ख़ान,नजीब ख़ान, शिव लाल यादव, जावेद सत्तारी, फैजान उल हक़, नंदिनी व्यास, सीताराम , राधा किशन, रत्तीराम आदि उपस्थित रहे ।

देवली में 11 दिनों से चल रही है अधिवक्ताओं की भूख हड़ताल और धरना प्रदर्शन

- अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट खुलवाने की मांग
- विधानसभा में मुख्य सचिव को भी ध्यानाकर्षक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जा चुका है

बढ़ता राजस्थान

देवली (नि.स.)। यहां अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट खुलवाने की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ पिछले 11 दिनों से न्याय कार्यों का बहिष्कार करते हुए भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं । लेकिन उच्च न्यायिक अधिकारियों और सरकार को यहां अधिवक्ताओं के उक्त आंदोलन की आवाज सुनाई नहीं दे रही है। ऐसे में देवली उपखंड क्षेत्रवासियों के न्यायिक कार्य पिछले 11 दिनों से आंदोलन के कारण बाधित होकर अटके हुए है । और आंदोलन समाप्त होने का इंतजार कर रहे हैं । ऐसे में अधिवक्ता संघ की मांग पर बात की जाए तो यह सत्य है कि यहां उक्त दोनों कोर्ट नहीं से गरीब वर्ग के लोगों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है। तो वही पिछले कई वर्षो से अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट खुलवाने की मांग लगातार की जा

रही है। ऐसे में इस गंभीर समस्या को लेकर राज्य में किसी भी का ध्यान केंद्रित नहीं हो पा रहा है। बुधवार को यहां स्थानीय अधिवक्ता संघ के आंदोलन को क्षेत्र के विभिनं समाजिक संगठनो एव सर्वदलीय संगठनों का समर्थन मिला है उक्त सभी संगठनों ने देवली उपखण्ड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। संगठनों ने ज्ञापन में मुख्यमंत्री से अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट खोलने की मांग की है और स्थानीय अधिवक्ता संघ कि उक्त मांग को जायज ठहराया है। सभी संगठनों के मुख्य पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन मे बताया की विगत कई वर्षो से देवली मे दोनो कोर्ट खोलने की मांग की जा रही है। अगर उक्त दोनों कोर्ट यहां खोले जाते हैं तो उपखंड क्षेत्र के सभी क्षेत्र वासियों राज्य सरकार की और से सुलभ न्याय मिल सकेगा और अनावश्यक भाग-दौड़ से आमजन को राहत मिल सकेगी । बुधवार को 11 दिन जारी आंदोलन के धरना स्थल पर कपडा बाजार संघ व्यापर मंडल, जिला व्यापार संघ पेशनर समाज श्री श्याम मित्र मडल मानव सेवा संस्थान फल सब्जी थोक विक्रेता मॉ दुर्गा सेवा समिति भाजपा और कांग्रेस पार्टियों सहित रिको इन्डस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल एव प्रबुद्ध नागरिकजन ने अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट खुलवाने की मांग को अपना अपना समर्थन दिया है। यहां एडवोकेट अजीत सिंह छीतर सिंह प्रकाश चंद जैन भारत सिंह अनिल बुरेठिया ललित चौहान सागर चौहान बाबूलाल मीणा कमल वैष्णव शिवराज सिंह मीणा बंसीलाल कलवार सहित इत्यादि ने बताया कि राज्य में चाहे किसी भी पार्टी की सरकार रही हो। लेकिन अधिवक्ताओ की उक्त जायज मांग की तरफ ध्यान नही दिया जा रहा है। गौरतलब है कि यहां अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट खोला जाए इसके संदर्भ मे नियम 131 के तहत राजस्थान विधानसभा मुख्य सचिव को भी ध्यानाकर्षक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जा चुका है। ऐसे में उक्त मांग पर सरकार ने न्याय नहीं किया तो शहर एव देहात के सामाजिक संगठन एव सर्वदलीय संगठन की तरफ से आन्दोलन को और मजबूती से आगे बढाया जायेगा।

जिसमे देवली शहर के बाजार बंद करने और आने वाले विधानसभा उपचुनाव मे अधिवक्ताओ के द्वारा मतदान का बहिष्कार और महापड़ाव कर आन्दोलन की आवाज सरकार तक पहुँचाई जायेगी।

राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में फल वितरण कर मनाया शहर मंडल अध्यक्ष अंकुर गुप्ता का जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। बुधवार को भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अंकुर गुप्ता के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । शहर मंडल के शक्ति केंद्र संयोजक गोवर्धन जैन ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में पहुंचकर भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरण किया गया । इसके साथ ही आउटडोर में आने वाले लोगों को भी फल वितरित किए गए इस अवसर पर शहर मंडल महामंत्री करण सिंह राजावत, उपाध्यक्ष कमलेश सैनी, पार्षद रामबिलास बलाई, एससी मोर्चा अध्यक्ष लोकेश बैरवा, सत्यनारायण जायसवाल, नंदन पारीक, जय नारायण कुमावत, भंवर सिंह, जितेंद्र धारवाल, हंसराज शर्मा, लालचंद सैनी, नरेंद्र नेमिया सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

रोंग साईड से आ रही मोटरसाइकिल ने सामने से आ रही मोटरसाईकिल के मारी टक्कर, एक घायल

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। राष्ट्रीय राजमार्ग के निवाई बाईपास पर बुधवार रात करीब 9 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने सामने की भिड़ंत हो गई जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। एम्बूलेंस108 के पायलट कुलदीप सिंह व मेल नर्स राकेश मीणा ने बताया कि नेहरू कॉलेज टोंक निवासी जावेद पुत्र शमीउल्ला अपने पिता के साथ चाकसू गया था। बुधवार रात को दोनों मोटरसाइकिल से वापस टोंक आ रहे थे। इसी दौरान निवाई बायपास के ललवाडी चौराहे के समीप गलत दिशा से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। इस टक्कर से वह गंभीर घायल हो गया। उन्होंने बताया कि उसके पिता के भी हल्की चोट आई हैं। भिड़ंत के बाद गलत दिशा से आ रहा बाईक चालक मौके पर ही बाईक को छोडक़र भाग गया। भिड़ंत से दोनों मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई।

अमृत दो योजना में स्वीकृत पांच करोड़ 5 लाख राशि से शहर के तीन तालाबो के विकास कार्यो को वापस शुरू करवाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को सोपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

टोंक (का .स .)। दिशा कमेटी के पूर्व सदस्य, पूर्व पार्षद, भाजपा के जिला प्रवक्ता रहे ओमप्रकाश के नेतृत्व में सुभाष बाजार सरोवर कालोनीवासियों का एक प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि शहर के तीन तालाबों के विकास हेतु अमृत दो योजना में स्वीकृत पांच करोड़ पांच लाख की राशि से शुरू कराये गये विकास कार्यो को जो अब किन्हीं कारणों से बंद करा दिये गये है, को चालू कराने की मांग की । उन्होने बताया कि धन्ना तलाई के पानी का डिस्पोजल, तालाब तेलियान में डालने की योजना पर रोक लगाई जावे, अन्यथा सरोवर कालोनी में पानी भरेगा एवं आवागमन बंद हो जावेगा। गुप्ता ने बताया कि पहले पानी के निकास पर ध्यान देना होगा, क्योंकि खादी भण्डार वाले नाले की क्षमता इतनी नहीं है, ना ही उसका अन्तिम छोर तक पर्याप्त बहाव है। गुप्ता ने जिला कलेक्टर को न्यायालय निर्णयों, उनके स्वंय के निर्देशों की प्रतियां भी उपलब्ध कराई, साथ ही नगर परिषद द्वारा डीपीआर मे संजोये गये स्वप्नों पर भी ध्यान आकर्षित किया। इस मौके पर भारतीय किसान संघ के संभागीय अध्यक्ष पोखर लाल जाट, पवन अग्रवाल, रामदेव चौधरी, दीपक मित्तल, दिनेश मंगल, विमल जांगीड़, नीरज नागर, बाबूलाल जैन, कमलेश खण्डेलवाल एवं प्रदीप सोनी आदि मौजूद थे।

दिनभर छाया रहा अंधेरा रिमझिम बारिश का चला दौर

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। उपखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में कहीं तेज तो कहीं रिमझिम बारिश का दौर चला। बुधवार को दोपहर बाद से ही आसमान में काले बादल छाए रहे। दोपहर बाद आकाशीय बिजली की तेज गडगडाहट के साथ बरसात का दौर शुरू हुआ। दिनभर रिमझिम बारिश होते रहने से सावण मास का अहसास हुआ। बरसात होने से किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड गई। बुधवार को दिनभर आसमान में काले बादल छाए रहे जिससे दिन में ही अंधेरा हो गया। अंधेरा होने से वाहन चालकों को दिन में ही हैडलाईट जलाकर वाहन चलाना पडा। दतवास क्षेत्र में तेज बारिश हुई। किसानों ने बताया कि बरसात होने से खेतों में फसलों को नया जीवन मिला है। रिमझिम बरसात का दौर जारी रहा जिससे गर्मी लोगों को राहत मिली।

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद का फरमान रविवार छुट्टी वाले दिन स्कूल खोलकर विद्यार्थियों की रैली निकाल कर कार्यक्रम आयोजित करें, शिक्षकों ने जताया आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से रविवार छुट्टी वाले दिन प्रदेश के स्कूलों को खुलवाकर कम्युनिटी इंवॉल्वमेंट डे के तहत विद्यार्थियों की रैली निकालने व अन्य कार्यक्रम आयोजित करने के फैसले को लेकर शिक्षकों में बेहद आक्रोश व्याप्त हो रहा है। परिषद की ओर से जारी कार्यक्रम के तहत 22 से 28 जुलाई तक प्रदेश के समस्त राजकीय विद्यालयों में शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। उधर इस मामले में राजस्थान पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा सप्ताह के तहत रविवार अवकाश के दिन स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित करने पर कड़ा विरोध जताते हुए स्कूल शिक्षा परिषद के राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त को ज्ञापन भेज कर कार्यक्रम में संशोधन कर रविवार की गतिविधियों को सोमवार को कराने की मांग रखी है। संगठन के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने कमिश्नर को भेजे ज्ञापन में लिखा है कि रविवार छुट्टी के दिन स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से बढ़ी चूक करते हुए या छात्र तथा शिक्षक वर्ग को परेशान करने की नीयत से आयोजित किए जा रहे शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत अंतिम दिवस रविवार 28 जुलाई को बच्चों की रैली भामाशाहों का सम्मान करने, एसएमसी एसडीएमसी की बैठकें करने जैसी गतिविधि आयोजित करने के आदेश दिए गए हैं । रविवार राजकीय अवकाश के दिन स्कूलों में उक्त गतिविधि आयोजित करना पूरी तरीके से गलत है , इस को लेकर समूचे शिक्षक वर्ग में बेहद आक्रोश है।संघ ने राज्य परियोजना निदेशक से जारी आदेश में संशोधन कर शिक्षा सप्ताह के तहत रविवार 28 जुलाई को निर्धारित कार्यक्रम को आगामी सोमवार 29 जुलाई को कराए जाने का आग्रह किया है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2024-25 की अधिसूचना जारी
खरीफ फसलों का बीमा करवाने की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2024

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 2024-25 की अधिसूचना जारी हो गयी है। धौलपुर जिले में योजना के क्रियान्वयन हेतु एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इण्डिया लिमिटेड को अधिकृत किया गया है। खरीफ फसलों का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) डॉ. हब्बल सिंह ने बताया की जिले में खरीफ फसलों के अंतर्गत बाजरा एंव तिल को बीमा करवाने के लिये अधिसूचित किया गया है। राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार योजनान्तर्गत फसली ऋण केसीसी लेने वाले कृषकों का बीमा सम्बन्धित बैंक द्वारा किया जाता है तथा जिन कृषकों ने फसली ऋण केसीसी नही ले रखा है वें अपनी फसल का बीमा राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल, नजदीकी बैंक शाखा,सी.एस.सी.,बीमा कम्पनी के अधिकृत प्रतिनिधि से सम्पर्क कर करवा सकते है। खरीफ 2024 के लिये बाजरा की फसल का बीमा जिले के सभी तहसीलों के कृषक करवा सकते हैं तथा तिल की फसल का बीमा तहसील स्तर के कृषकों के लिये है जिसके अन्तर्गत केवल बाड़ी, बसेड़ी एवं सरमथुरा तहसील को अधिसूचित किया गया है।

ट्रेक्टर-ट्रॉली चुराने वाला बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली चुराने वाले एक बदमाश को ढाई सौ किलोमीटर तक पीछा कर पकड़ा है। जिसके पास से चुराई गई ट्रैक्टर-ट्रॉली भी बरामद की ह। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली चुराने वाले बदमाश दुलीचंद जाट उर्फ दिलीप निवासी शाहपुरा जिला शाहपुरा -भीलवाडा को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित ने यह ट्रेक्टर-ट्रॉली विशनसिंह उर्फ लाल सिंह स एक लाख रुपये में खरीदना बताया है। पुलिस पूछताछ करने सहित बिशन सिंह की तलाश में जुटी है।

प्रदेश की जनता के साथ किया जा रहा है भेदभाव : नेता प्रतिपक्ष

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। राजस्थान विधानसभा में बीएसपी विधायक ने नि:शुल्क बिजली योजना प्रश्न लगाया जिसका ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने जवाब देते हुए कहा कि वर्तमान में नए उपभोक्ताओं को 100 यूनिट फ्री बिजली नहीं दी जाएगी। सरकार अभी विद्युत उपभोग चार्ज के अतिरिक्त शुल्क और करों को कम करने का विचार नहीं रखती। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले एक प्रदेश, दो कानून नहीं चल सकते आधो को दिया जा रहा है,आधो को नहीं, यह प्रदेश की जनता के साथ भेदभाव है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राजस्थान प्रदेश में बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के गृह जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरीके से चौपट हो गई है। उन्होंने कहा कि गोरक्षक और गौतस्कर पर भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिगड़ती कानून व्यवस्था पर तुरंत एक्शन लेने की जरूरत है, गो तस्करी के शक में युवक की गोली मारकर हत्या मामले में जूली बोले गोली किसने चलाई और क्यों चलाई मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए।

अवैध देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार, अवैध बजरी परिवहन में वांछित आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। बरोनी थाना पुलिस ने अवैध देशी शराब के साथ एक जने को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि बुधवार को एनएच 52 पर अवैध देशी शराब के साथ एक व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो आरोपी हंसराज पुत्र मेवाराम गुर्जर निवासी दौताना के कब्जे से अवैध देशी मिली। इस पर पुलिस ने शराब जब्त कर ली और एक्साईज एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है। इसी प्रकार अवैध बजरी परिवहन में वांछित आरोपी ईश्वरलाल पुत्र रामलाल गुर्जर निवासी भांची को गिरफ्तार किया है।

कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने किया पोस्टर का विमोचन
हरियाली तीज पर 11000 पेड़ लगाएगा रत्ना कुमारी फाउंडेशन ट्रस्ट

बढ़ता राजस्थान

पावटा (नि.स.)। रत्ना कुमारी फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा हरियाली तीज पर 11000 पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया है जिसका पोस्टर का विमोचन कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर के द्वारा किया गया। दिलावर ने बताया कि रत्ना कुमारी फाउंडेशन ट्रस्ट का निर्णय स्वागत योग्य है क्योंकि हम सबको जीने के लिए पेड़ लगाना बहुत आवश्यक है उन्होंने बताया कि पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड को ग्रहण कर ऑक्सीजन छोड़ते हैं जिससे हमारे जीवन में ऑक्सीजन की कमी नहीं होती हमे घर घर पेड़ लगाना चाहिए ट्रस्ट की संस्थापिका भाजपा उत्तर देहात की उपाध्यक्ष रत्ना कुमारी शाहपुरा ने बताया की पेड़ हमारे पर्यावरण और मानव कल्याण के लिए अमूल्य महत्व रखते हैं। वे हमें पीने के लिए स्वच्छ जल, सांस लेने के लिए हवा, मनुष्यों, जानवरों और पौधों को छाया और भोजन देते हैं। वे जीवों और वनस्पतियों की कई प्रजातियों के लिए आवास, खाना पकाने और गर्मी के लिए जलाऊ लकड़ी, इमारतों के लिए सामग्री और आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक महत्व के स्थान प्रदान करते हैं। पेड़ वैश्विक पर्यावरण और वहां रहने वाली प्रजातियों के स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, और उन्हें हमारी बिना शर्त देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता है। हमे इस समय हर व्यक्ति को एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए इस लिए हम सब मिलकर हरियाली तीज के अवसर पर जयपुर ग्रामीण में 11000 पेड़ लगाएंगे रत्ना कुमारी ने बताया की इस से पहले एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विराटनगर शाहपुरा के विभिन्न गांवों में टीम 1100 पेड़ लगा चुकी है इसके बावजूद हमने और हमारी टीम ने 11000 पेड़ लगाने का और संकल्प लिया है जिस से हमारे पर्यावरण का संरक्षण हो सके पेड़ जीवन का आधार है ।

इशाक खान बने प्रदेश मीडिया प्रभारी

बढ़ता राजस्थान

पावटा (नि.स.)। अखिल मिरासी समाज वेल्फेयर सोसाइटी रजिस्टर्ड आल इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब अशरफ अली खान मीर,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जनाब रईस अहमद मीर,राष्ट्रीय महासचिव जनाब छुट्टन खान मीर,राष्ट्रीय मुख्य सचिव जनाब अजीत खान मीर,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष जनाब सबदल खान मीर तथा सभी रजिस्टर्ड मेंबर्स की जानिब से इशाक मोहम्मद खान मीर पुत्र सद्दीक मोहम्मद खान मीर साहब निवासी कोटपुतली को अखिल मिरासी समाज वेल्फेयर सोसाइटी की राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया जाता है। जनाब इशाक मोहम्मद खान मीर से आशा व्यक्त की जाती है कि वह मीडिया प्रभारी के पद की गरिमा के अनुरूप अपना योगदान देंगे तथा मीर मिरासी बिरादरी के उत्थान में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। यह नियुक्ति राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष जनाब मोहम्मद अशफ़ाक मीर साहब की अगुवाई में की गयी है खान की नियुक्ति पर समाज के लोगों सहित अनेक गणमान्य लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

चोरों के हौसले बुलंद : आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर चोरी की घटना को दिया अंजाम

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (नि.स.)। शहर के वार्ड नंबर 9 के प्राथमिक विद्यालय में लगातार तीसरी चोरी से विद्यालय प्रशासन के साथ आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता परेशान है। चोरों द्वारा लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। जिसकी रिपोर्ट पुलिस प्रशासन को भी दी गई है लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक किसी भी चोरी की घटना का खुलासा नहीं किया गया।ऐसे में चोरों द्वारा मंगलवार को एक बार फिर से स्कूल में प्रवेश कर आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है।

शहर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता वीना गहलोत ने बताया कि कायस्थ पाड़ा कुशवाहा बस्ती वार्ड संख्या 9 में राजकीय प्राथमिक विद्यालय में उनका आंगनबाड़ी केंद्र है। जिसमें मंगलवार की रात को चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। कमरे का ताला तोड़कर चोर केंद्र पर रख गैस सिलेंडर एवं अन्य सामान के साथ बच्चों के पोषाहार की सामग्री तक को चुरा कर ले गए हैं। जिसको लेकर कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी गई है

संस्था प्रधान का आरोप,चोरों के हौसले बुलंद : राजकीय प्राथमिक विद्यालय वार्ड नंबर 9 की संस्था प्रधान मिथिलेश शर्मा ने बताया कि चोरों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस द्वारा पूर्व में हुई चोरियों को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसे में चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। मिथिलेश शर्मा ने बताया कि 30.7.2022 को स्कूल में चोरी हुई थी। जिसमें काफी सामान चोर चुरा कर ले गए थे।वहीं इसी वर्ष 28 मार्च को भी स्कूल में चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया। जिसकी रिपोर्ट पुलिस को दी गई। लेकिन चोरी की घटना का कोई खुलासा नहीं हो सका है। ऐसे में चोरों ने एक बार फिर से स्कूल में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र के ताले को तोड़ कर चोरी की है।

जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा की जिले वासियों से अपील, डिजीटल अरेस्ट सहित अन्य धोखाधड़ी के लिए आने वाले फ्रॉड कॉल से रहे सावधान

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। अगर किसी के पास ऐसा कोई कॉल आये तो सीधे पैसे भेजने की जगह स्थानीय पुलिस, सायबार थाना से तत्काल सम्पर्क करें या सायबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। इस प्रकार की सायबर धोखाधडी करने वाले अनजान नंबरों से आपके बच्चे-बच्चियों एवं निकट परिजनों के अरेस्ट होने की झूठी जानकारी देकर आपको भ्रमित एवं गुमराह कर रूपये ऐंठने की करते है कोशिश। पिछले कुछ दिनों में देखा गया है कि जिले में आमजन के पास अनजान फ्रॉड नंबरो से पुलिस अधिकारी बन कर उनके बच्चे बच्चियों या किसी निकटतम परिजन के पुलिस द्वारा किसी गंभीर मामले में अरेस्ट करने के कॉल आ रहे है, इस दौरान जिस बच्चे बच्ची या निकट परिजन के अरेस्ट होने की झूठी बात बोली जाती है वो अगर उस समय घर से बाहर या अन्य किसी शहर में होते है तो जिस व्यक्ति के पास कॉल आया है वो एकदम से ऐसी बात सुनकर पेनिक में आ जाते है और उधर से फ्रॉड करने वाला इसी स्थिति का फायदा उठाते हुए उनसे किसी बैंक खाते में पैसे जमा करवा लेते है या करवाने की कोशिश करते है जबकि वास्तव में ना तो कॉल करने वाला पुलिस अधिकारी होता है और ना ही जिस व्यक्ति के पास कॉल आया है उसका बच्चा-बच्ची या निकटतम परिजन को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया होता है। इस बात को पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा द्वारा गंभीरता से लेते हुए आमजन को ऐसे फ्रॉड कॉल से सावधन रहने एवं तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की गई है। पिछले दिनों जिले में +923005487996 एवं +923252785202 फ्रॉड नंबरों से दो अलग-अलग व्यक्तियों के पास इसी तरह के कॉल आये थे जिनमें पुलिस अधिकारी की वर्दी के साथ बच्चे के पुलिस केस में फसने एवं निकालने के लिए पैसे की मांग की गई लेकिन दोनों ही व्यक्तियों की जागरूकता के कारण धोखाधडी करने वाले अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके। सायबर टीम इन नंबरो की जांच पडताल कर रही है। आप सभी इस प्रकार की सायबर धोखाधडी की कोशिश करने वालों से सावधान रहें, धौलपुर पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है।

सात सूत्रीय मांगों को लेकर विधुत तकनीकी कर्मचारियों ने दिया धरना
जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (नि.स.)। राजस्थान विधुत तकनीकी कर्मचारी एशोसिएशन के प्रदेश व्यापी आह्वान पर सात सूत्रीय मांगों को लेकर विधुत तकनीकी कर्मचारियों ने प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप जांगिड़ के नेतृत्व में बुधवार को ग्राम रामसिंहपुरा स्थित जेवीवीएनएल एक्सईएन कार्यालय पर एक दिवसीय धरना देकर मांगों को पूरा किये जाने की मांग की। वहीं इस सम्बंध में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को सात सूत्रीय मांगों क्रमशः पूरानी पेंशन लागू करने, इन्टर डिस्कॉम ट्रांसफर पॉलिसी लागू करने, नियुक्ति तिथि से समयबद्ध पदौन्नति का वित्तीय लाभ देने, राज्य कर्मचारियों की भांति आरजीएचएस योजना लागू करने, हार्ड ड्युटी अलाउंस दिये जाने एवं एफआरटी पर कार्यरत ठेकाकर्मियों की सेवायें संविदाकर्मियों की तर्ज पर लागू किये जाने की मांग की। इस दौरान कृष्ण कुमार, प्रवक्ता विवेक सैनी, सिकंदर, अनिल कुमार, सुमित, रूपसिंह, बुधराम, देशराज, पुष्कर, रामसिंह, रमेश, विवेक सैनी , मोहन सैनी , महेश, बृजभान, विष्णु, भजन लाल, संतोष, विजय, पंकज, देवीलाल, जगदीश, बनवारी, मनोज समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

आवारा गोवंश को बचाने के चलते खम्भो से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, एक ग्रामीण मजदूर की मौत

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी/धौलपुर (राजू शर्मा)। उपखंड के सरमथुरा रोड पर सुनकई गांव के पास बिजली के खम्भो से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली के अनियंत्रित हो जाने से हादसा हुआ है। हादसे में एक ग्रामीण मजदूर की मौत हुई है। जो सरमथुरा से अन्य ग्रामीणों के साथ बिजली के खम्भे लेकर अपने गांव लौट रहा था। घटना के बाद अचेत हुए मजदूर को अन्य ग्रामीणों ने उठाया और पीछे से आ रही पुलिस की जीप से टोल प्लाजा तक लाये। जहां पर हाईवे की एंबुलेंस 1033 से घायल मजदूर को बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना को लेकर आंगई थाना क्षेत्र के रहरई गांव निवासी मनीराम पुत्र रघुवर मीणा ने बताया कि गांव की जाटव बस्ती के कुछ घरों में बिजली के कनेक्शन होने थे। जिसके लिए इनके द्वारा फाइल लगाई थी। जिसमें लाइन खींची जानी थी। ऐसे में वह और गांव के अन्य लोग मंगलवार की शाम चार बजे सरमथुरा डिस्कॉम कार्यालय पहुंचे। जहां से बिजली के आधा दर्जन खंभे ट्रैक्टर में लादकर शाम को वापस गांव ला रहे थे। इस दौरान वे जैसे ही सुनकई गांव के पास पहुचे,आवारा जानवर के आ जाने के चलते हादसा हो गया।

आवारा गोवंश को बचाने के चलते हुआ हादसा : ग्रामीणों ने बताया कि अचानक सड़क पर एक आवारा गोवंश आ गया। उसको बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया। इस दौरान ट्रॉली के खंभे भी इधर-उधर खिसके। जिससे ट्रॉली में सवार 40 वर्षी ज्वाला सिंह पुत्र निरोती जाटव जाने कैसे ट्राली से नीचे सड़क पर सिर के बल गिर गया।

पुलिस की मदद से पहुंचाया अस्पताल : घटना के बाद घायल ज्वाला सिंह को ग्रामीणों ने जैसे-तैसे उठाया और पीछे से आ रही पुलिस की मदद से बाड़ी अस्पताल पहुचाया। जहां चिकित्सकों ने भर्ती कर उसे उपचार दिया और बचाने की कोशिश की लेकिन उसकी मौत हो गई।

मृतक पेशे से खान मजदूर,परिवार में दो बेटियां : 40 वर्षीय मृतक ज्वाला सिंह पुत्र निरोती जाटव खनन मजदूर था। जो खानों पर काम कर परिवार का पालन पोषण कर रहा था। मृतक के परिवार में अब दो बेटियां और पत्नी रोती बिलखती रह गई हैं। घटना के बाद गांव रहरई में शोक छाया है।

पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम,मामले की जांच जारी : घटना को लेकर आंगई थाना पुलिस द्वारा मृतक ज्वाला सिंह के शव का पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों को पंचनामा के बाद शव सौंप दिया गया है। परिजनों द्वारा अभी घटना को लेकर पुलिस को रिपोर्ट नहीं दी गई। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

स्वतंत्रता गौरव उत्सव के लिए एसपी को दिया निमंत्रण

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। स्वतंत्रता गौरव समिति अलवर के प्रतिनिधि मंडल ने आगामी 15 अगस्त को आयोजित किए जाने वाले स्वतंत्रता गौरव उत्सव आयोजन के संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक से भेंट करते हुए 15 अगस्त के कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया। समिति अध्यक्ष गौरीशंकर विजय ने बताया कि समिति की तरफ से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति दी जाती है जिसका आभार व्यक्त करते हुए समिति की तरफ से जिला पुलिस अधीक्षक महोदय का धन्यवाद ज्ञापित ककिया गया व उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। प्रतिनिधि मंडल में एसके पारीक, संजय बवेजा, सुभाष अग्रवाल, दिनेश, महेश, मुकेश विजय,गौरव शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

आज से झाड़ू बन्द का निर्णय-महापौर को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। नगर निगम महापौर घनश्याम गुर्जर को बुधवार को सफाई संघ की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। सफाईकर्मी भर्ती में सिर्फ वाल्मिकी समाज के लोगों को भर्ती किये जाने का मामला उठाया। सफाई संघ के महामंत्री ज्योति सरासर ने बताया कि सफाईकर्मी वाल्मीकि समाज के लोगों के अलावा अन्य समाज के लोग भी लिए जाते हैं जोकि वे सफाई नहीं करते हैं, अफसरों की कोठियों पर लगे रहते हैं,, मिलाभगत का मामला होने से वाल्मीकि समाज वंचित रह जाता है। इसके विरोध में गुरुवार को झाड़ू बंद का आव्हान किया गया है। जब तक हमारी मांगों को पूरी तरह रखा नहीं जाएगा इसी प्रकार झाड़ू बंद हड़ताल के तहत हम अपनी मांगे मानव आएंगे एकमात्र वाल्मीकि समाज है जो साफ सफाई करता है बाकी समाज के लोग नौकरी पाने के बाद खाना पूर्ति करते हैं अफसर की मिला भक्ति से शहर की सफाई लड़खड़ा जाती है इसका सारा जिम्मा वाल्मीकि समाज पर फोड़ा जाता है।

जनहित याचिका पर डीआरएम कोटा और जीएम को नोटिस

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। रेलवे स्टेशन स्थित पार्किंग में यात्रियों से पिक एंड ड्राप पर मनमानी राशि वसूलने का मामला कोर्ट पहुंचा है। मामले को लेकर एडवोकेट सुजीत स्वामी ने स्थाई लोक अदालत में याचिका दायर की गई है। जिस पर कोर्ट ने डीआरएम कोटा व महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले में सुनवाई के लिए 8 अगस्त की तारीख दी है।

एडवोकेट सुजीत स्वामी के अनुसार सोगरिया स्टेशन व कोटा जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या चार की ओर बने प्रवेश/निकास के नजदीक पार्किंग फर्म के कर्मियों के द्वारा पिक एंड ड्राप पर भी पार्किंग शुल्क लेने की जबरदस्ती की जाती है। शुल्क नहीं देने पर कई बार स्थितियां लड़ाई-झगड़े तक पहुंच जाती है। पार्किंग शुल्क की वजह से सोगरिया स्टेशन पर प्रवेश द्वार से लगभग 230 मीटर दूर ही पब्लिक ट्रांसपोर्ट से उतरना पड़ता है। खुद के वाहन से जाओ तो पार्किंग कर्मी मनमाना शुल्क मांगते है। याचिका में कोटा के सभी तीन स्टेशन एक सामान रूप से यात्री सुविधा, पार्किंग स्थान पर मौजूदा सुविधा/हालात को देखते हुए पिक-अप ड्रॉप को लेकर लगाए गए 8 मिनट वाली शर्त को हटाए जाने, पार्किंग सुविधा वाले स्थान पर पार्किंग शुल्क-समय सम्बन्धी नियम, बीमार, दिव्यांग यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधा को लेने हेतु, शिकायत के लिए अधिकारीयों के नंबर तथा पार्किंग स्थल पर धुप, गर्मी, बरसात से बचने के लिए शेड बनवाने तथा विवाद की स्थिति से निपटने के लिए सदैव पुलिस की व्यवस्था करवाने की मांग की गई है। उनके अनुसार पिक एंड ड्राप को लेकर डीआरएम कोटा से सुचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी थी। पार्किंग नियम को लेकर अधिकारी आरटीआई का सही से जवाब नहीं दे सकें। अधिकारी ने आरटीआई के जवाब में बताया सोगरिया स्टेशन पर पिक एंड ड्रॉप में 8 मिनट फ्री टाइम पायलट प्रोजेक्ट स्कीम के तहत दिया गया है। उसके उपरांत नियमानुसार स्कीम के तहत दिया गया है। उसके उपरांत नियमानुसार पार्किंग देय होता है। यह आंकलन यात्री सुविधाओं के क्रम में तथा स्थान उपलब्धता के अनुसार होता है। टाइम मेज़रमेंट कम से कम समय के आंकलन से किया जाता है।

सुरक्षाकर्मी गार्ड संघ एकता यूनियन की बैठक संपन्न, दो घन्टे का सांकेतिक कार्य बहिष्कार का भी लिया निर्णय

बढ़ता राजस्थान

झालावाड़ (नि.स.)। एस. आर. जी. हॉस्पिटल एण्ड जनाना हॉस्पिटल मेडिकल कॉलेज झालावाड़ के सुरक्षाकर्मी गार्ड संघ एकता यूनियन की बैठक बुधवार को संपन्न हुई । इस दौरान सर्वसहमति से अध्यक्ष पद पर महावीर सुमन, उपाध्यक्ष पद पर तेज सिंह राणावत, कोषध्यक्ष पद पर अरविन्द कुमार मेघवाल, सचिव पद पर विक्रम सिंह, महामंत्री पद पर बालकिशन सुमन, पद पर प्रभारी ओम प्रकाश मेघवाल, व मिडिया प्रभारी महेश कुमार मेघवाल को नियुक्त किया गया इस दौरान सभी सुरक्षाकर्मियों ने नियुक्ति किए गए कार्यकर्ताओं को मुंह मीठा करवा कर व माला पहनाकर बधाई दी। बैठक में सामुहिक रूप से दो घन्टे का सांकेतिक कार्य बहिष्कार दिनांक 25-07-2024 को किया जाने का निर्णय भी लिया गया ।

मीडिया प्रभारी महेश कुमार मेघवाल ने बताया कि राजस्थान के समस्त शोषित पीड़ित ठेकाकर्मियो को राहत देने हेतु राजस्थान लॉजिस्टिकल सर्विस डिलिवरी कॉरपोरेशन (ऋस्ष्ठ) बोर्ड का नोटीफिकेशन जारी करने, एवं ठेका प्रथा समाप्त करने को लेकर सांकेतिक कार्य बहिष्कार बाबत किया जाएगा ।राजस्थान के सभी सरकारी अर्द्धसरकारी बोर्ड, निगम, सरकार के अधीन स्वंयशापी संस्था इत्यादि के कार्यरत ठेका कर्मचारियों को शोषण से मुक्त कराने के लिए ठेका प्रथा को समाप्त कर अक्टूबर 2023 मे पूर्व सरकार के कार्यकाल के दौरान (ऋस्ष्ठ) बोर्ड का गठन हो चुका है और (ऋस्ष्ठ) बोर्ड केबिनेट मंत्रीमंडल की मंजुरी भी मिल चुकी है, जिसका नोटीफिकेशन आज दिनांक तक भी जारी नही किया गया गया है। (ऋस्ष्ठ) बोर्ड का नोटीफिकेशन जारी करने, ठेका प्रथा समाप्त करने को लेकर सरकार को संज्ञान एवं ध्यान आकर्षित करने हेतु सामुहिक रूप से दो घन्टे का सांकेतिक कार्य बहिष्कार दिनांक 25-07-2024 को प्रात: 9 बजे से 11 तक किया जायेगा।

34 टन अवैध बजरी सहित ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी

कारोई पुलिस ने दो जनों को भी किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

गंगापुर/भीलवाडा (नि.स.)। कारोई पुलिस ने अवैध बजरी को लेकर लगातार एक्शन मोड़ पर दिखाई दे रही है। पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक डंपर व एक ट्रैक्टर मय ट्रोली जप्त की है। इस कार्रवाई के बाद में बजरी माफियाओं में जोरदार हड़कंप मचा हुआ है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा रोशन पटेल ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अवैध बजरी परिवहन एवं अवैध खनिज मिट्टी दोहन की रोकथाम हेतु थाना प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुर्जर की अगुवाई में कारोई पुलिस टीम द्वारा अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक डम्पर मय 30 टन बजरी एवं एक ट्रैक्टर ट्राली मय चार टन बजरी के जप्त कर दोनों वाहनों के चालको गिरफ्तार किया है। मंगलवार को पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अवैध बजरी परिवहन एवं दोहन की रोकथाम हेतु थाना अधिकारी द्वारा मय टीम

के कडी मेहनत से कार्रवाई को अंजाम दिया जिसमें नौगावा चौराहा थाना कारोई से अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक बिना नंबरी डंपर में 30 टन बजरी एवं एक ट्रैक्टर ट्राली मय 4 टन बजरी के जप्त की जाकर दोनों वाहन चालक बाबू पुत्र भैरूलाल भील उम्र 22 साल निवासी मालोला थाना प्रताप नगर भीलवाड़ा व अशोक पुत्र प्रकाश कंजर उम्र 21 साल निवासी खारोलिया खेड़ा थाना पुर को गिरफ्तार कर जांच शुरू की।

असामाजिक तत्वों से परेशान होकर उपखंड अधिकारी को सोपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

निंबाहेड़ा(नि.स.)। नेशनल हाईवे के समीप बने मुख्यमंत्री जन आवास योजना में निवासी परिवारों ने समस्याओं के संबंध में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के समाधान की बात कही, निवास रत परिवारो ने बताया कि मुख्यमंत्री जन आवास योजना में फ्लेटो में असामाजिक तत्व आकर परेशान करते रहते हैं। ज्ञापन में बताया गया कि चारों तरफ बाउंड्री बनी हुई है उसे पर तार फेंसिंग करवा कर गेट लगवा कर सुरक्षा इंतजाम किया जाए। निवासरत परिवारो ने बताया कि उन्होंने कई बार नगर पालिका के अधिकारियों व डेवलपर्स पास जाते हैं तो बोलते हैं कि यह काम उनका है एक दूसरे पर डालकर पल्ला झाड़ लिया जाता है उक्त मल्टी में पार्किंग की व्यवस्था भी नहीं है हम लोग गरीब हैं तथा शहर से दूर मुख्यमंत्री जन आवास योजना में रहते है कई बार पूर्व में भी शिकायत की लेकिन कोई सुध नहीं ले रहा है । पुलिस थाने में फोन करने पर सदर थाना पुलिस द्वारा कहा जाता है कि जब से मल्टी बनी है हम काफी परेशान हो गए हैं जबकि मल्टी और पुलिस थाने की दूरी 1 किलोमीटर भी नहीं है कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी है उसकी रिपोर्ट भी दी गई लेकिन आज तक पुलिस कष्ट करने भी नहीं आई। निवासरत परिवारों ने उपखंड अधिकारी से विजिलेंस कैमरा लगाने की भी मांग की।

गंगापुर - रायपुर सहित दो सौ गांवो के लोगो के एक सप्ताह से कंठ सूखे

चंबल परियोजना की पाइप लाइन टूटने से पैदा हुआ गतिरोध,पानी को लेकर मची त्राहि त्राहि

बढ़ता राजस्थान

गंगापुर/भीलवाडा (नि.स.)। सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र में दो बड़े शहरों के साथ करीब 200 गांव में चंबल परियोजना के जिम्मेदार अधिकारियों की अकर्मण्यता के चलते पिछले 1 सप्ताह से पीने के पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं ।चंबल परियोजना विभाग के अधिकारियों द्वारा 21 तारीख से 23 जुलाई तक जलापूर्ति ठप रहने का प्रेस नोट जारी किया गया था जिसमें कारण यह बताया गया था कि गुरला तालाब में पाइप लाइन लीकेज के कारण गंगापुर और रायपुर सहित करीब 200 गांव में 3 दिन के लिए जलापूर्ति ठप रहेगी लेकिन चौथे दिन भी हालत जस के तस बने हुए हैं । जबकि सच्चाई यह है कि गुरला तालाब में 19 जुलाई को ही लीकेज की जानकारी सामने आने पर जलापूर्ति भीलवाड़ा से बंद कर दी गई थी। गुरला तालाब की लीकेज पाइपलाइन को अभी तक भी दुरुस्त नहीं करवाया गया है जिसके चलते गंगापुर और रायपुर नगर पालिका क्षेत्र सहित 200 गांव के लोग पीने के पानी के लिए भटकने को मजबूर है । अब विभाग के अधिकारी पाइप लाइन

लीकेज ठीक करने में 3 दिन ओर वक्त लगने की बात कह रहे हैं। पूर्व में भी बिजली कटौती के नाम पर कई कई दिनों तक जलापूर्ति ठप रह चुकी है इतनी बड़ी समस्या होने के बावजूद भी चंबल परियोजना के अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रह रही है।

इनका कहना है

' गुरला तालाब में पाइप लाइन लीकेज से जलापूर्ति गड़बड़ाई है,लीकेज ठीक किया गया लेकिन मंगलवार शाम को टेस्टिंग में फिर से लीकेज हुआ ।टीम मौके पर काम कर रही है। गुरुवार से सप्लाई सुचारू करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।' रामराय सोमानी अधिशाषी अभियंता,चंबल परियोजना खंड गंगापुर

वॉटर सप्लाई एंड सीवरेज कॉरपोरेशन बनाने के फैसले के विरोध में उतरे जलदाय विभाग के कर्मचारी

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारी राज्य सरकार के राजस्थान वॉटर सप्लाई एंड सीवरेज कॉरपोरेशन बनाने के फैसले के विरोध में उतर गए हैं। आरडब्ल्यूएसएससी कॉर्पोरेशन बनने के बाद सभी जलदाय कर्मी इसी के अधीन हो जाएंगे। ऐसे में कोटा में बुधवार को कॉरपोरेशन बनाने को निजीकरण बताते हुए कर्मचारी विरोध में उतर आए। जलदाय विभाग के कर्मचारी सुबह 10 बजे पीएचईडी के एडिशनल चीफ इंजीनियर ऑफिस दादाबाड़ी में एकत्रित हुए। उसके बाद उन्होंने राज्य सरकार के खिलाफ एडिशनल चीफ ऑफिस पर ही जमकर नारेबाजी की. इस फैसले को जन विरोधी बताया और कहा कि 5 दिन में यदि इस फैसले को वापस लेने का निर्णय नहीं किया गया तो कर्मचारी यूनियन आंदोलन पर उतर जाएंगे और कर्मचारियों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल कर दी जाएगी। इस फैसले के विरोध में बनी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक डीपी चौधरी के अनुसार इस विरोध प्रदर्शन के बाद मौन जुलूस के रूप में सीएडी सर्किल स्थित कमिश्नर ऑफिस पहुंचे और वहां पर मुख्यमंत्री के नाम का कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में पीएचईडी, रेसा, रीम, राजस्थान कौंसिल ऑफ डिप्लोमा इंजीनियर्स, राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ, प्रदेश जलदाय कर्मचारी महासंघ, राजस्थान पीएचईडी तकनीकी कर्मचारी संघ, प्रांतीय नल मजदूर यूनियन, राजस्थान स्टेनोग्राफर संघ पीएचईडी, सहायक कर्मचारी संघ पीएचईडी, ड्रिलिंग हैंडपंप अभियांत्रिकी कर्मचारी संघ, मजदूर यूनियन इंटक राजस्थान, भारतीय जलदाय कर्मचारी महासंघ समेत अन्य संगठनों के कर्मचारी शामिल हुए हैं।

सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

आर्थिक सहायता की मांग को लेकर गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री व अन्य अधिकारियों से मिला

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के एक ही परिवार के राजसमंद जिले के केलवाड़ा गांव के चार सदस्यों की सड़क दुर्घटना में दुखद मृत्यु हो जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अखिल भारतीय श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा ने मुख्यमंत्री से मिलकर विशेष सहायता प्रदान करने की मांग की है। कोटा अखिल भारतीय श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज का एक प्रतिनिधि मंडल जयपुर में विधानसभा भवन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा के नेतृत्व में मिला और पीड़ित परिवार को राज्य सरकार से विशेष सहायता राशि स्वीकृत करने की मांग की है।

विधायक हरिमोहन शर्मा ने विधानसभा में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से पीड़ित परिवार को तत्काल मदद का आग्रह किय। मुख्यमंत्री ने तुरंत ही सीनियर आईएएस शेखर अग्रवाल को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश प्रदान किए हैं। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्य प्रकाश जोशी के निर्देश व प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा के उच्च स्तरीय प्रयास से समाज का एक

प्रतिनिधि मंडल महासभा प्रधानमंत्री जय किशन पंचारिया, राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र गौतम, गौतम समाज कोटा के अध्यक्ष संजय गौतम, संरक्षक महेश जाजड़ा, प्रदेश महिला अध्यक्ष ममता शर्मा, भगवान गौतम, प्रद्युमन जोशी, पदम गौतम, युवा कार्यकारी अध्यक्ष राहुल शर्मा इत्यादी की मौजूदगी में कई अधिकारियों से मिला। गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल ने सीनियर आईएएस वैभव गालारिया से भी सचिवालय में मुलाकात की। आईएएस वैभव गालरिया ने तुरंत राजसमंद कलेक्टर से बात कर आवश्यक कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। इसके बाद प्रतिनिधि मंडल राज भवन जाकर राज्यपाल कलराज मिश्र, वित्त सलाहकार संध्या शर्मा से मिला, उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

बीटीएसएम की राष्ट्रीय परिषद हरियाणा में

भारत तिब्बत सहयोग मंच की राष्ट्रीय परिषद 3 व 4 अगस्त को हरियाणा में

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। भारत तिब्बत सहयोग मंच की प्रांतीय बैठक बुधवार अपराह्न में गोमती विला रंगबाड़ीरोड स्थित पर संपन्न हुई।

मंच के चित्तौड़ प्रांत अध्यक्ष अरविंद कौशल ने बताया कि भारत तिब्बत सहयोग मंच की राष्ट्रीय परिषद की दो दिवसीय बैठक 3 और 4 जुलाई को हरियाणा के सोनीपत जिले के समालखा में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय परिषद को मंच के मुख्य मार्गदर्शक एवं वरिष्ठ संघ प्रचारक इंद्रेश कुमार का मुख्यमार्ग दर्शन प्राप्त होगा, वहीं राष्ट्रीय संरक्षक कुलदीप सिंह अग्निहोत्री, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हरजीत सिंह ग्रेवाल एवं राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल के मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। कौशल नें बताया कि

राष्ट्रीय परि षद में राष्ट्रीय, क्षेत्रीय, प्रांतीय एवं जिला कार्यसमिति के सूचिबद्ध कार्यकर्ता आमंत्रित हैँ। चित्तौड़ प्रान्त के विभिन्न जिलों से दो दर्जन सूचिबद्ध कार्यकर्ता राष्ट्रीय परिषद में सम्मिलित होंगे।

कौशल नें बताया कि मंच के कार्यकर्ता प्रतिवर्ष नबंवर माह में अरुणाचल प्रदेश के तवांग मठ की यात्रा कर चीन के अरुणाचल पर भ्रामक प्रचार का जबाव देते हैँ कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और यह भारत के पास ही है। इस तवांग यात्रा का रजिस्ट्रेशन भी अगस्त से प्रारंभ किया जायेगा। उपरोक्त बैठक में पवित्र श्रावण मास में चलने वाले कैलाश मानसरोवर मुक्ति संकल्प अभियान को लेकर कार्यक्रमों की विशेष रुपरेखा बनाई गईं। प्रमुखरूप से प्रांतीय अध्यक्ष अरविन्द कौशल, प्रांतीय प्रचार प्रमुख अरविन्द सिसोदिया, जिला अध्यक्ष सुरेश मित्तल, जिला महामंत्री उमेश कालरा, कार्यक्रम संयोजक हुकूमत सिंह झाला, कार्यक्रम संयोजक पुरषोत्तम दाधीच सहित समिति के सदस्य सम्मिलत हुये।

बीमारी से तंग आकर फंदे पर लटका युवक

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। जिले के कैथून थाना क्षेत्र में एक युवक ने बीमारी से तंग आकर सुसाइड कर किया। युवक ने कमरे में फांसी लगा ली। पड़ोसियों ने दरवाजा खटखटाया तो पता लगा। घटना मंगलवार शाम 6 बजे के आस-पास की है। कैथून थाना हेड कॉन्स्टेबल हीरालाल के अनुसार युवक अपने जीजा के मकान में रहता था। उसे कैंसर की बीमारी थी। बीमारी के चलते उसने सुसाइड कर किया। शव को पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है ।मृतक युवक दिनेश (37) जगन्नाथपुरा गांव में रहता था। भांजे आकाश के अनुसार उसका मामा जगन्नाथपुरा गांव में अकेले रहता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। उसके मुंह में गांठ थी।6 महीने पहले कोटा के एमबीएस हॉस्पिटल में उसके मुंह के कैंसर का ऑपरेशन हुआ था। तबियत ठीक होने पर वह वापस गांव आकर रहने लगा था। आस-पड़ोस के लोग उसे खाना खिला देते थे। मामा मंगलवार शाम कमरे से बाहर नहीं आया। आस-पड़ोस के लोगों ने देखा तो कमरे की कुंडी लगी हुई थी। आवाज देने पर भी गेट नहीं खोला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी।

मण्डाना में कलक्टर की रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। ग्राम पंचायत मण्डाना में मंगलवार को कलक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई आयोजित की गई। कलक्टर डॉ गोस्वामी ने परिवादों को व्यक्तिगत सुना एवं संबंधित विभागों को परिवादों का नियमानुसार निस्तारण करने के लिए पाबंद किया। कलक्टर ने कहा प्रत्येक विभाग शुरू में ही यह देख ले की परिवाद को किस स्तर पर निस्तारित करना है। खंड स्तर, जिला स्तर या राज्य स्तर और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाए। कलक्टर डॉ गोस्वामी ने कहा प्रत्येक विभाग इस मंशा के साथ कार्य करें कि अगली जनसुनवाई में कोई भी पुराना परिवाद ना आए। उन्होंने कहा परिवादी को समस्त नियमों एवं कार्रवाई की जानकारी दी जाए ताकि व्यवस्था पर उसका विश्वास सुदृण हों। उन्होंने कहा की सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ परिवदियों की समस्या का समाधान करें एवं विभागों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी समय-समय पर ग्रामीणों के बीच देते रहें ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना का लाभ पाने से वंचित ना रहे। उन्होंने कहा परिवादों के निस्तारण के उपरांत भी परिवादियों से फॉलोअप लिया जाए एवं यह सुनिश्चित किया जाए कि परिवादी समाधान की कार्रवाई से संतुष्ट है या नहीं। एसडीएम मनीषा तिवारी ने बताया कि जनसुनवाई में लगभग 40 परिवाद आए एवं जो परिवाद मौके पर निस्तारित करने योग्य थे उनको जिला कलक्टर के आदेश अनुसार विभागों को निर्देशित कर निस्तारण के लिए पाबंद किया गया। रात्रि चौपाल में एडीएम प्रशासन मुकेश चौधरी, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास गजेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी , खंड स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था, चहुँओर गंदगी का आलम

सफाई कर्मचारियों का जमा नहीं हो रहा पीएफ,चार साल से नहीं आई समस्या

भाजपा सरकार के आते ही व्यवस्थाएं हुई चौपट

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। कोटा उत्तर नगर निगम में सफाई व्यवस्था पूरी तहर से चरमराती जा रही है। निगम प्रशासन द्वारा कोई स्थाई कदम नहीं उठाए जा रहे। कोटा उत्तर नगर निगम के उप महापौर सोनू कुरैशी ने कहा कि निगम अधिकारी की घोर लापरवाही है कि कोटा शहर में ऐसी स्थिति आ गई की सफाई कर्मचारियों को हड़ताल करनी पड़ रही है, धरना प्रदर्शन करने पड़ रहे हैं। ऐसी क्या वजह है कि 4 साल तक कभी दिक्कत नहीं आई लेकिन जैसे ही सरकार बदली भाजपा की सरकार आई तो ट्रिपर कर्मचारियों को परेशानी आ रही है। कर्मचारी कह रहे हैं कि हमारे पीएफ के पैसे जमा नहीं हो रहे हैं, जबकि ठेकेदार कह रहा है कि पीएफ का पैसा जमा कर दिया। निगम के अधिकारियों को इस समस्या का समाधान करना चाहिए वहीं दूसरी ओर शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से गड़बड़ा गई है, इसे भी दुरूस्त करना चाहिए।

निगम ने हटा दी लेबर, वार्डो में गंदगी का आलम

कुरैशी ने कहा कि कुछ दिन पहले नगर निगम के अधिकारियों ने वार्डों से लेबर हटा दी जिससे वार्डों में सफाई नहीं हो रही है। शहर में पूरी सफाई व्यवस्था ठप्प हो गई है। इस मामले में हमने आयुक्त कोटा उत्तर नगर निगम को कई बार लिखित में दिया उन्हें अवगत कराया की जो लापरवाह कर्मचारी हैं, उन्हें हटाकर दूसरे लगाए, लेकिन आयुक्त द्वारा गंभीरता से विचार नहीं किया जा रहा जिस कारण से पूरे शहर की सफाई व्यवस्था बिगड जाएगी। इस लापरवाही की जिम्मेदारी यहां के जनप्रतिनिधि और सरकार की होगी। सोनू कुरैशली ने कहा कि कांग्रेस के समय ऐसे मामले सामने नहीं आए लेकिन अब क्यों आ रहे हैं। मेहनत करने वाले, मजदूर, पिछड़े लोगों को परेशानी आ रही है।

गुरू गोविंद सिंह खालसा कन्या महाविद्यालय करणपुर की मान्यता निरस्त : उच्च शिक्षा मंत्री

जयपुर।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि श्रीगंगानगर जिले के श्री गुरू गोविंद सिंह खालसा कन्या महाविद्यालय करणपुर द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मान्यता लेने के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए महाविद्यालय की मान्यता निरस्त की गई है। साथ ही श्री गुरू गोविंद सिंह खालसा शिक्षण संस्था (बी.एड) करणपुर को भी फर्जी दस्तावेज के मामले में नोटिस जारी किया गया है। डॉ. बैरवा ने आश्वस्त किया कि अधिकारियों की मिली-भगत से पुलिस द्वारा इस प्रकरण में एफआर लगाए जाने की जांच करवाई जाएगी तथा दोषी पाये गये कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उच्च शिक्षा मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जांच में संस्था को दानपत्र से प्राप्त भूमि फर्जी पाये जाने पर 22 जुलाई, 2024 को महाविद्यालय की मान्यता निरस्त कर दी गई है तथा इसी संस्था के बी एड कॉलेज को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि गत सरकार द्वारा भी महाविद्यालय की 2 बार जांच की गई, लेकिन इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। इससे पहले विधायक श्री रूपिन्द्र सिंह कुन्नर के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि श्री गुरू गोविंद सिंह खालसा कन्या महाविद्यालय करणपुर (श्रीगंगानगर) को विभाग के आदेश दिनांक 21 मार्च, 2016 द्वारा सत्र 2015-16 से स्थाई मान्यता दी गई।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

कव्वालियों और भजन संध्या की बही रसधारा : देश-प्रदेश से गट्टे वाले बाबा के पहुंचे साधु-संत और पीर-फकीर

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल हजरत गट्टे वाले बाबा की मजार पर मंगलवार देर रात तक कव्वालियों व भजन संध्या की रसधारा बहती रही। इस अवसर पर बाबा के दरबार में लाइटों की खूबसूरत रोशनी की गई। बाबा के उर्स में देश-प्रदेश से पधारे साधु संत पीर फकीर व जायरीन भी मेले में शामिल रहे। बाबा के उर्स में पधारे पूर्व कलेक्टर जाकिर खान, हज कमेटी मेंबर हकीम खान, समाजसेवी लक्ष्मी नारायण कोठोत्या, ठेकेदार नवरतन, धीरज टकसाली व दरगाह सज्जादा नशीन वसीम रजा ने पौधारोपण कर सभी को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। बाबा के उर्स में शहर की कई जानी-मानी कव्वाल पार्टियों ने शिरकत की। प्रोग्राम की शुरुआत जयपुर अख्तर जीआई ने की कव्वालों द्वारा पढ़े गए कलाम ने सूफियाना समां बांधे रखा। उर्स का आखिरी दिन है। इस अवसर पर दरगाह में संधल पेश किया जाएगा।

बैंक का वॉट्सऐप ग्रुप बनाकर ठगी का प्रयास

शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा दिया; आईपीओ के नाम जमा करवाए डेढ़ लाख रुपए

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। मालवीय नगर थाना पुलिस ने 1 लाख 40 हजार रुपए की ऑन लाइन ठगी का मामला दर्ज किया हैं। बदमाशों ने एक निजी बैंक के नाम से वीआईपी कस्टमर का एक वॉट्सऐप ग्रुप बनाया और शेयर मार्केट के नाम ठगी करना शुरू किया।

पीड़ित धीरज को भी आईपीओ के नाम झांसा देकर रुपए वसूले गए। लेकिन, जैसे ही पीड़ित को ठगी के बारे में पता चला उसने ट्रांसफर किए रुपए फ्रीज करवा लिए। पीड़ित धीरज ने बताया कि बताया कि 18 जुलाई को ठगों ने एक लिंक शेयर किया था। ग्रुप में बताया गया कि एक आईपीओ आ रहा है, जो पहले पैसे देगा उसके आईपीओ खुलेगा। इस पर उसने 1 लाख 40 हजार रुपए उस पर ट्रांसफर कर दिए। इधर, उसे पता चला कि ये रुपए एचडीएफसी बैंक की जगह पर आरबीएल बैंक में ट्रांसफर हुआ है तो उसने बैंक को फोन कर इसके बारे में जानकारी मांगी।

संसद में राहुल ने किसानों से मुलाकात की

बोले- हमने एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की बात कही थी, अब सरकार पर दबाव बनाएंगे

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को संसद में किसान नेताओं से मुलाकात की। किसान नेताओं का 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल संसद में राहुल के ऑफिस पहुंचा और लोकसभा प्रतिपक्ष नेता से मुलाकात की। किसान नेताओं से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने कहा- कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की बात कही थी। हमने आकलन किया है, ये बिल्कुल किया जा सकता है। इस बारे में हमने किसान नेताओं के साथ बैठक की। हमने तय किया है कि इंडिया गठबंधन के नेताओं से चर्चा कर, हम सरकार पर एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए दबाव बनाएंगे।

राजस्थान यूनिवर्सिटी में क्वेश्चन मनी को लेकर शुरू हुआ विवाद

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान में छात्र संघ चुनाव के ऐलान से पहले ही सियासी घमासान शुरू हो गया है। छात्र संघ चुनाव के लिए शुल्क के बाद अब छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन पर क्वेश्चन मनी के नाम पर करोड़ो के घोटाले का आरोप लगाया है। जिसको लेकर छात्र नेता शुभम रेवाड़ ने यूनिवर्सिटी कैंपस में ही अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू कर दिया है। छात्र नेता शुभम रेवाड़ ने कहा कि हमने 18 जुलाई को यूनिवर्सिटी प्रशासन से एक एप्लीकेशन के माध्यम से ये पूछा था कि पिछले वर्षो में छात्रसंघ नहीं हुए उन वर्षो में छात्रसंघ चुनाव के नाम पर ली जा रही फीस का यूनिवर्सिटी प्रशासन ने क्या किया है। इसके साथ यूनीवर्सिटी में एडमिशन के वक्त ली जाने वाली क्वेश्चन मनी अब तक कितने स्टूडेंट्स को उनकी डिग्री समाप्त होने पर वापस दी गई है।

लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशाशन द्वारा हमारे द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब अब तक नहीं दिए गए हैं। जिससे साफ जाहिर होता है कि यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा छात्रों के पैसों का बड़ा घोटाला किया है इसीलिए यूनिवर्सिटी इस पूरे मामले पर कुछ भी कहने से बच रही है।

नेपाल में प्लेन क्रैश, 18 की मौत

मरम्मत के बाद टेस्टिंग के लिए उड़ान भरी

बढ़ता राजस्थान

काठमांडू (एजेंसी)। नेपाल की राजधानी काठमांडू में बुधवार सुबह एक विमान क्रैश हो गया है। प्लेन में सवार 19 लोगों में से 18 की मौत हो गई है। वहीं घायल पायलट कैप्टन एम. शाक्य को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया है। प्लेन काठमांडू से पोखरा जा रहा था। प्लेन ने सुबह करीब 11 बजे त्रिभुवन एयरपोर्ट से उड़ान भरी। इसके कुछ ही देर के अंदर यह क्रैश हो गया। 9एन-एएमई प्लेन सौर्य एयरलाइन्स का था। हादसे में मारे गए लोगों में से 17 सौर्य एयरलाइंस के ही स्टाफ थे, जबकि बाकी 2 क्रू मेंबर्स थे। हादसे में मारे गए 18 लोगों में से तीन एक ही परिवार के हैं। इनमें मुन राज शर्मा उनकी पत्नी प्रीजा खाटिवाडा और उनका चार साल का बेटा आदि राज शर्मा शामिल है। दरअसल 21 साल पुराने इस प्लेन को मरम्मत कर टेस्टिंग के लिए ले जाया जा रहा था। प्लेन में मौजूद लोग कंपनी का टेस्टिंग स्टाफ था। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, हादसे के तुरंत बाद पुलिस और फायर फाइटर्स की टीम घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए पहुंची। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि क्रैश के बाद विमान में आग लग गई थी। इसे तुरंत बुझा दिया गया। घटनास्थल से सामने आई तस्वीरों में धुएं का गुबार उठता दिख रहा है। हालांकि, हादसा किस वजह से हुआ इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।

चश्मदीद बोले- टेकऑफ करते ही झटका लगा, फिर क्रैश हो गया

घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीदों ने काठमांडू पोस्ट से बात करते हुए कहा, प्लेन रनवे के दक्षिणी छोर से टेकऑफ कर रहा था। अचानक से इसमें झटका लगा और आग लग गई। इसके बाद यह रनवे के पूर्वी हिस्से में बुद्धा एयर हैंगर और रडार स्टेशन के बीच एक गड्ढे में गिर गया। सौर्य एयरलाइंस की वेबसाइट के मुताबिक, कंपनी नेपाल में 5 जगहों के लिए विमान संचालित करती है। इनके पास 3 बॉम्बार्डियर सीआरजे-200 जेट्स मौजूद हैं।

किरोड़ी बोले-पिछली सरकार के 6 नेता पेपरलीक में शामिल

एसओजी ने कार्रवाई नहीं की तो सत्याग्रह करूंगा; आरपीएससी चेयरमैन ने किए कबाड़े

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। मंत्री पद से इस्तीफा दे चुके सवाई माधोपुर विधायक डॉ. किरोड़ी लाल मीणा एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। वे बुधवार दोपहर करीब सवा दो बजे एसओजी ऑफिस पहुंचे। उन्होंने एसओजी के एडीजी वीके सिंह को तीन भर्ती एग्जाम आरएएस, रीट और एसआई में हुए पेपर लीक के सबूत सौंपे। उन्होंने कहा- इन सबूत से एसओजी को बड़े मगरमच्छों को पकड़ने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि एसओजी के कई अधिकारियों के कारण पेपरलीक के खेल का खुलासा नहीं हो पाया। मीडिया से बातचीत में किरोड़ी ने कहा- उदाराम और सुरेश ढाका (सीनियर टीचर भर्ती पेपरलीक का मास्टरमाइंड) को एसओजी इंस्पेक्टर मोहन पोसवाल ने फरार करवा रखा है।

ट्रेनी आईएएस ऑफिसर पूजा खेडकर एकेडमी नहीं पहुंचीं

नई दिल्ली। यूपीएससी में नियुक्ति को लेकर विवादों में घिरीं ट्रेनी आईएएस ऑफिसर पूजा खेडकर मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एडमिनिस्ट्रेशन एकेडमी नहीं पहुंची हैं। डेडलाइन 23 जुलाई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूजा खेडकर ने इसके पीछे व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है। सूत्रों ने एकेडमी के हवाले से बताया कि अब आगे क्या एक्शन लेना है, यह जल्द ही तय किया जाएगा। गलत मेडिकल रिपोर्ट, आरक्षण के आरोपों में घिरीं पूजा खेडकर पर अब माता-पिता के मैरिटल स्टेटस की जानकारी छिपाकर ओबीसी नॉन-क्रीमीलेयर कोटे का फायदा उठाने का भी आरोप लगा है। पूजा के पिता दिलीप खेडकर रिटायर्ड आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने चुनाव भी लड़ा था। एफिडेविट में उन्होंने अपनी संपत्ति 40 करोड़ रुपए बताई थी। पूजा ने परिवार की संपत्ति 8 लाख से कम बताई थी।

ये सरकार बचाओ बजट : विपक्ष

अभिषेक बनर्जी ने कहा- भाजपा के टारगेट पर अल्पसंख्यक

खड़गे ने सीतारमण को माताजी बताया

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली(एजेंसी)। संसद में 24 जुलाई मानसून सत्र का तीसरा दिन है। मंगलवार को वित्त मंत्री ने बजट पेश किया था। बुधवार को सुबह सदन शुरू होने से पहले विपक्ष के नेताओं ने संसद के बाहर केंद्र सरकार के बजट के विरोध में प्रदर्शन किया।

इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने कहा- इस बजट से 90% देश गायब है। सिर्फ बिहार और आंध्र प्रदेश को खुश किया गया है, क्योंकि यहां के मुख्यमंत्रियों के भरोसे केंद्र की सरकार चल रही है। यह मोदी सरकार बचाओ बजट है। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद सदन में भी बजट को लेकर हंगामा हुआ। प्रश्नकाल में राज्यसभा में चर्चा के दौरान विपक्ष के नेताओं ने वॉकआउट किया। वे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ शेम-शेम का नारा लगाते हुए सदन से बाहर चले गए। विपक्ष द्वारा बजट को भेदभाव वाला बताने पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- बजट में सभी राज्यों का नाम लेने का मौका नहीं मिलता। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष के नेता जानबूझकर ऐसे आरोप लगा रहे हैं, ताकि लोगों को लगे कि उनके राज्य को कुछ नहीं मिला। यह ठीक नहीं है। चर्चा के दौरान राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभापति से कहा- माताजी (वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण) बोलने में एक्सपर्ट हैं। इस पर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ बोले- वो माताजी नहीं, आपकी बेटी की उम्र के बराबर हैं।

विपक्ष के आरोपों पर वित्त मंत्री बोलीं- ये अपमानजनक

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट को भेदभावपूर्ण बताने के विपक्ष के आरोपों पर कहा- यह अपमानजनक आरोप है। कांग्रेस और विपक्षी दल लोगों को गलत धारणा देने का प्रयास जानबूझकर कर रहे हैं। राज्यों को धन या योजनाएं आवंटित नहीं की गईं। लोकसभा में प्रश्नकाल में चर्चा जारी है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसद सवाल पूछ रहे हैं। सबसे ज्यादा सवाल रेलवे से जुड़े हैं। ज्यादातर सांसदों की शिकायत कोरोनाकाल में बंद हुए ट्रेनों के स्टॉपेज को फिर से चालू कराने के लिए हैं।

सुरजेवाला बोले- यह कुर्सी बचाओ बजट

कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा, यह एक कुर्सी बचाओ बजट, सत्ता बचाओ बजट, बदला लो बजट है। इस बजट से देश के 90% से अधिक लोग अलग-थलग पड़ गए हैं। मोदी सरकार केवल भाजपा सरकार को बचाने में लगी हुई है।

बजट के खिलाफ इंडिया के सांसदों का प्रदर्शन शुरू-संसद सत्र शुरू होने से पहले इंडिया के सांसदों ने बजट के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया है। सांसदों का कहना है कि सरकार ने बजट में राज्यों के साथ भेदभाव किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बोले- यह अन्याय है। हम विरोध करेंगे।

जम्मू-कश्मीर में एनकाउंटर, 24 घंटे में दूसरा जवान शहीद

कुपवाड़ा में एक आतंकी भी ढेर, यहां 3 आतंकियों के घुसपैठ की सूचना मिली थी

कुपवाड़ा। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा के कोवुत इलाके में बुधवार सुबह सेना-आतंकियों के बीच गोलीबारी में एक और जवान शहीद हो गया है। नॉन कमीशंड ऑफिसर दिलावर सिंह अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एनकाउंटर में सेना ने एक आतंकी को मार गिराया है। इससे पहले मंगलवार को पुंछ में एनकाउंटर हुआ था, जिसमें लांस नायक सुभाष कुमार शहीद हुए थे। सेना ने बताया कि उन्हें कोवुत में मंगलवार को 2-3 आतंकियों के मूवमेंट की सूचना मिली थी। सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने फायरिंग की, जिसके बाद एनकाउंटर शुरू हुआ। देर रात दिलावर सिंह को गोली लगी थी। एनकाउंटर में सुबह जवानों ने एक आतंकी को मार गिराया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

भारतीय नौसेना ने जहाज से चीनी नाविक को रेस्क्यू किया

मुंबई से 370 किमी दूर समुद्र में बल्क कैरियर पर घायल हो गया था नाविक

बढ़ता राजस्थान

मुंबई(एजेंसी)। भारतीय नौसेना ने बुधवार को मुंबई से करीब 370 किमी दूर समुद्र में तैनात बल्क कैरियर झोंग शान मेन से घायल चीनी नाविक को रेस्क्यू किया। मुंबई के मैरिटाइम रेस्क्यू कॉर्डिनेशन सेंटर के पास 23 जुलाई की शाम को मदद के लिए एक फोन आया, जिसमें जहाज पर मौजूद 51 साल के एक नाविक को हुई क्रिटिकल इंजरी रिपोर्ट की गई। नाविक का बहुत खून बह गया था और उसे मेडिकल ग्राउंड पर तत्काल जहाज से निकाले जाने की जरूरी थी। इस कॉल के रिस्पॉन्स में भारतीय नौसेना के एयर स्टेशन ढ्रहस् शकीरा से एक हेलिकॉप्टर लॉन्च किया गया। यह ऑपरेशन एमआरसीसी मुंबई और भारतीय नौसेना ने मिलकर चलाया।

खराब मौसम में तेज हवाओं के बीच चलाया गया रेस्क्यू ऑपरेशन

यह ऑपरेशन खराब मौसम में चलाया गया। ऑपरेशन के दौरान हवा करीब 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी, जिसके चलते जहाज समुद्र में हिचकोले खा रहा था। इसके अलावा जहाज पर डेक की कमी के चलते रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी दिक्कतें आईं। इन सबके बावजूद घायल नाविक को जहाज से सफलतापूर्वक एयरलिफ्ट किया गया।

पहले नाविक को एयर स्टेशन लाया गया और मेडिकल असिस्टेंस के लिए अस्पताल शिफ्ट किया गया। इसके अलावा भारतीय कोस्ट गार्ड शिप सम्राट जो कि उस जहाज के पास ही था, उसे भी जहाज की तरफ डायवर्ट किया गया।